कोटद्वार, रविवार
7 दिसम्बर 2025
वर्ष: 48
अंक: 201 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### जिला अस्पताल के मोर्चरी में रखा शव को चूहों ने नोचा, परिजनों ने किया हंगामा

हरिद्वार। जिला अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम के लिए रखे लखन उर्फ लक्की शर्मा (36) के शव को चूहों ने नोच डाला। चूहों ने शव की आंख, नाक और सिर के हिस्से को भी नोचा। शनिवार सुबह मौके पर पहुंचे परिजन यह देख गम और गुस्से से भर गए। उन्होंने जिला अस्पताल में जमकर हंगामा किया। शुक्रवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर लखन का निधन हो गया था। वे पंजाबी धर्मशाला में बतौर मैनेजर कार्यरत थे। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए उनके शव को जिला अस्पताल लाया गया। लेकिन, डॉक्टर उपलब्ध न होने पर शव मोर्चरी में रखा गया। इसके बाद परिजन भी घर लौट गए। लखन के जीजा विक्की गेरा और मनोज अरोड़ा ने बताया कि शनिवार सुबह वे जिला अस्पताल पहुंचे तो शव की आंख, नाक और सिर पर चूहों के काटने के निशान दिखाई दिए। इससे परिजनों का पारा चढ़ गया। उन्होंने आरोप लगाया कि मोर्चरी का डीप फ्रीजर बंद था और जिस फ्रीजर में शव रखा गया, वह पीछे से खुला हुआ था। उधर, सूचना मिलते ही पंजाबी समाज के लोग, कांग्रेस और व्यापारी नेता भी मौके पर पहुंचे। एसडीएम जितेंद्र कुमार और एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाया। इसके बाद परिजन पोस्टमार्टम को तैयार हुए। एसपी सिटी अभय कुमार ने बताया कि डीएम के निर्देश पर एडीएम की अध्यक्षता में जांच समिति बना दी गई है। जो भी दोषी होंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत

रुड़की। वाहन की टक्कर से बाइक चालक की उपचार के दौरान मौत हो गई। शनिवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस बाइक में टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है। झबरेड़ा थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि ग्राम हिराहेड़ी निवासी 25 वर्षीय प्रवीण कुमार पुत्र मांगेराम भगवानपुर की ओर से इकबालपुर होकर शुक्रवार देर शाम अपने घर बाइक से जा रहा था। इकबालपुर में तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे की बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल को पुलिस की मदद से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे हायर सेंटर रेफर किया गया।

### उपनल से नौकरी लगाने के नाम पर 1.10 लाख हड़पे

देहरादून। उपनल से बेटे को नौकरी लगाने के नाम पर व्यक्ति से 1.10 लाख रुपये की धोखाखड़ी हो गई। आरोपी ने खुद को मुख्यमंत्री कार्यालय में कार्यरत बताया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। डालनवाला कोतवाली के अनुसार बच्चीराम गौड़ निवासी ग्राम नौना पोओ कांडई तहसील नंदप्रयाग ने तहरीर दी कि 12 नवंबर 2024 को अपने निजी काम से देहरादून आए थे। उसी दिन परेड ग्राउंड भाजपा कार्यालय के समीप उनकी वीरेंद्र सिंह पिमोली निवासी ग्राम वांण थराली से उनकी मुलाकात हुई। पिमोली वर्तमान में नकरौंदा द्वारिकापुरी में रहता है। मुलाकात के दौरान वीरेंद्र पिमोली ने बताया कि वो मुख्यमंत्री कार्यालय में कार्यरत है। उसने कहा कि यदि कोई कार्य हो तो उन्हें बताएं। इस पर गौड़ ने बेटे की नौकरी का जिक्र किया। उसने कहा कि वो उपनल या किसी अधिकारी के जरिए बेटे को नौकरी लगा देगा, लेकिन इसके लिए उन्हें 1.10 लाख रुपये देने होंगे। प्रलोभन में आकर बच्चीराम गौड ने उसी शाम पिमोली को 15 हजार रुपये नकद दे दिए। इसके बाद उनसे अलग–अलग तिथियों में 95 हजार रुपये लिए गए। इसके बाद न ही पिमोली ने बेटी की नौकरी लगवाई, न ही उन्हें रुपये लौटाए।

## चुनाव आयोग का बड़ा फैसला

# एसआईआर की मियाद एक हफ्ते बढ़ाई

**• अब 23 दिसंबर को प्रकाशित होगा ड्राफ्ट**




नई दिल्ली ,चुनाव आयोग ने केरल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की मियाद एक सप्ताह बढ़ाने का फैसला किया है। इससे पहले आयोग पश्चिम बंगाल में भी एक सप्ताह की रियायत दे चुका है। स्थानीय निकाय चुनावों को ध्यान में रखते हुए अब मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवश्यक फॉर्म जमा करने की अंतिम तारीख बढ़ा दी गई है।संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, अब ड्राफ्ट इलेक्ट्रोरल रोल 23 दिसंबर को प्रकाशित होगा, जबकि पहले यह 16 दिसंबर को जारी होना था। वहीं अंतिम मतदाता सूची अब 21 फरवरी 2026 को प्रकाशित होगी, जो पहले 14 फरवरी 2026 निर्धारित थी। केरल में स्थानीय निकाय चुनाव दो चरणों में 9 और 11 दिसंबर को होंगे, जबकि मतगणना 13 दिसंबर को की जाएगी। आयोग का यह आदेश तब आया जब सुप्रीम कोर्ट की अनुमति के बाद राज्य सरकार ने एन्यूमरेशन फॉर्म और स्ढ्क्रप्रक्रिया से जुड़े चरणों की अंतिम तिथियों में विस्तार का अनुरोध भेजा था। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग से दो दिनों के भीतर निर्णय लेने को कहा था कि क्या स्थानीय चुनावों के मद्देनजर समयसीमा बढ़ाई जा सकती है। कुछ राजनीतिक दलों ने इस मुद्दे पर अदालत का दरवाजा खटखटाया था।राजनीतिक दलों से चर्चा के बाद आयोग ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, मुख्य सचिव और अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। समीक्षा के बाद आयोग ने आदेश जारी करते हुए स्ढ्क्रशेड्यूल में तिथियों को एक सप्ताह आगे बढ़ाने का निर्णय लिया।

### मैक्स वाहन खाई में गिरा, चालक की मौत, तीन घायल

अल्मोड़ा। द्वाराहाट क्षेत्र में शनिवार को एक मैक्स वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया, जिसमें चालक की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए। घटना की सूचना दोपहर करीब 1 बजे कोतवाली द्वाराहाट को मिली, जिसके बाद पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। राजस्व क्षेत्र जैतोली, ग्राम डूंगारखोला (पोस्ट नौबाड़ा) के पास मैक्स वाहन संख्या यूके 01 टीए 1046 द्वाराहाट से नौबाड़ा की ओर जा रही थी। रास्ते में वाहन अचानक अनियंत्रित होकर लगभग 50 मीटर नीचे खाई में जा गिरा। दुर्घटना के दौरान चालक प्रयाग दत्त मिश्रा वाहन से छिटककर करीब डेढ़ सौ मीटर नीचे जा गिरा, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही सीओ रानीखेत विमल प्रसाद और प्रभारी निरीक्षक द्वाराहाट विनोद जोशी पुलिस टीम के साथ स्ट्रेचर, रस्से और अन्य बचाव उपकरण लेकर मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को खाई से बाहर निकाला गया और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वाराहाट पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने चालक को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य तीन घायलों का उपचार जारी है। मृतक की पहचान प्रयाग दत्त मिश्रा (50 वर्ष), पुत्र भवानी दत्त मिश्रा, निवासी ग्राम डूंगारखोला, पोस्ट नौबाड़ा, तहसील द्वाराहाट के रूप में हुई है। घायलों में भगवती देवी (55 वर्ष), पिंकी (28 वर्ष) और अमित पुरोहित (20 वर्ष), तीनों निवासी डूंगारखोला, शामिल हैं।

# मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने की जनपद बागेश्वर के विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा

**मुख्यमंत्री धामी का सख्त निर्देश–जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर पात्रों तक पहुँचे, लापरवाही बर्दाश्त नहीं!**



देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज कलेक्ट्रेट सभागार बागेश्वर में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विभिन्न विभागों लोक निर्माण विभाग, शिक्षा, पीएमजीएसवाई, जल संस्थान, विद्युत, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, कृषि एवं उद्यान–की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि केंद्र व राज्य सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध रूप से पहुँचना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग में लापरवाही या विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसी बुनियादी सेवाएँ निरंतर सुचारू रहें और जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि बागेश्वर में पर्यटन, प्राकृतिक संसाधन, सांस्कृतिक धरोहर और कृषि आधारित आर्थिक गतिविधियों के विकास की अपार संभावनाएँ हैं। उन्होंने साहसिक पर्यटन के नए स्थलों की पहचान करने और विंटर टूरिज्म को बढ़ावा देने हेतु विशेष कार्ययोजना बनाने को कहा। उन्होंने बताया कि जनपद में प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण और हेली सेवाओं के विस्तार पर तेजी से कार्य हो रहा है, जिससे पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। कृषि एवं उद्यान विभाग को लाल चावल, अदरक, हल्दी जैसी स्थानीय फसलों के लिए मजबूत बाज़ार उपलब्ध कराने, शहद उत्पादन को मिशन मोड में बढ़ाने तथा एप्पल–कीवी जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों को आधुनिक तकनीक व मार्केट लिंक से जोड़ने के निर्देश दिए गए। समाज कल्याण विभाग को जागरूकता शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने को कहा गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब पेंशन राशि प्रत्येक माह की 5 तारीख को समय पर खातों में भेजी जा रही है, जबकि पहले इसमें तीन माह तक लग जाते थे।मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों से कहा कि लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान, लंबित प्रकरणों का निस्तारण और लगातार जनसेवा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि कोई भी कार्य लंबित न रहे और आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# सोनिया गांधी बोलीं– सरकार नेहरू को इतिहास से मिटाना चाहती है, अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे



नईदिल्ली,कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने कहा कि भाजपा का मुख्य उद्देश्य जवाहरलाल नेहरू को बदनाम करना है। उन्होंने भाजपा पर भारत के पहले प्रधानमंत्री को अपमानित, विकृत और बदनाम करने का आरोप लगाया। सोनिया ने कहा कि नेहरू के योगदान का विश्लेषण और आलोचना स्वागत योग्य है, लेकिन उनके लेखन और कथनों के साथ जानबूझकर की गई शरारत अस्वीकार्य है। उन्होंने ये बातें दिल्ली में जवाहर भवन में नेहरू केंद्र के उद्घाटन समारोह के दौरान कही। सोनिया ने कहा, इसमें कोई शक नहीं है कि नेहरू को बदनाम करना सत्ता का मुख्य मकसद है। वह नेहरू को सिर्फ इतिहास से मिटाना नहीं चाहती, बल्कि उनकी सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक आधारों को कमजोर करना चाहती है, जिन पर देश खड़ा हुआ। नेहरू का व्यक्तित्व छोटा करने की कोशिश जारी है। उनकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि अलग रखकर काम का आकलन करना आम होता जा रहा है। उनकी बहुमुखी विरासत खत्म कर दोबारा इतिहास लिखने की कोशिश हो रही है।

सोनिया ने कहा, वे लोग नेहरू को निशाना बना रहे हैं जिनका भारत की आज़ादी की लड़ाई से कोई लेना–देना नहीं था। ऐसी विचारधारा ने कभी संविधान निर्माण में योगदान नहीं दिया और यहां तक कि संविधान की प्रतियां भी जलाईं। यही विचारधारा नफरत फैलाती है और महात्मा गांधी की हत्या के लिए माहौल तैयार करती है। आज भी इस विचारधारा के लोग गांधी के हत्यारों को सम्मान देते हैं। यह एक कट्टर और क्रूर सांप्रदायिक दृष्टिकोण वाली विचारधारा है।

–स्वतंत्रता संग्राम में नेहरू की भूमिका और स्वतंत्र भारत के शुरुआती कठिन दशकों में उनके नेतृत्व को कम दिखाने की कोशिश की जा रही है। –उनकी बहुआयामी विरासत को एकतरफा तरीके से नुकसान पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। –नेहरू ने आधुनिक भारत की बुनियाद रखी। उन्होंने वैज्ञानिक सोच, तकनीकी क्षमता, बड़े उद्योग, योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था और धर्मनिरपेक्षता को आगे बढ़ाया। विज्ञान हो, विदेश नीति हो या लोकतांत्रिक ढांचा, हर जगह नेहरू की भूमिका आज भी दिखती है। सोनिया के बयान को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के उस बयान से जोड़कर देखा जा रहा है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि नेहरू बाबरी मस्जिद का निर्माण सरकारी पैसे से कराना चाहते थे। उन्होंने कहा था, जवाहरलाल नेहरू बाबरी मस्जिद को जनता के पैसे से दोबारा बनवाना चाहते थे। अगर कोई उनके इस प्रस्ताव के खिलाफ था, तो वो सरदार पटेल थे। उन्होंने सरकारी पैसे से बाबरी मस्जिद बनवाने की इजाजत नहीं दी थी।

### मथुरा में कड़ी सुरक्षा, श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद के आसपास कई रास्ते बंद


मथुरा ,उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी मथुरा में शनिवार को सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद के आसपास कई रास्तों को सुरक्षा कारणों से बंद रखा गया है। पुलिस विभाग के आलाधिकारी लगातार क्षेत्रों का भ्रमण कर रहे हैं। पुलिस बल के अलावा सीआरपीएफ और पीएसी जवानों की बड़ी संख्या में तैनाती की गई है। मथुरा के एसपी राज कुमार ने बताया कि 6 दिसंबर को, जैसा कि हर साल पुलिस की तैनाती की जाती है, वैसा ही इस बार भी ठीक से किया गया है। हमारे पास पहले से ही सीआरपीएफ की चार और पीएसी की पांच कंपनियां हैं। इसके अलावा आरआरएफ की भी कंपनी मिली है। इन सभी को ठीक से तैनात कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह एरिया ड्रोन प्रतिबंधित है, इसलिए सभी को सूचना दी गई है कि किसी भी तरह का ड्रोन इस इलाके में नहीं उड़ाया जाएगा। हमने एंटी–ड्रोन सिस्टम भी लगाया है। अगर किसी ने कानून का उलंघन किया तो कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। हालातों के विषय पर उन्होंने कहा, सभी लोगों से बातचीत की है। किसी भी जगह गैर परंपरागत कार्य नहीं करने दिया जाएगा। फिलहाल, सभी चीजें व्यवस्थित रूप से चल रही हैं। वहीं, शाही ईदगाह के सचिव तनवीर अहमद ने मथुरा की स्थिति पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सब कुछ सामान्य है। दुकानें खुली हैं, ट्रैफिक चल रहा है और लोग हमेशा की तरह आ–जा रहे हैं। कहीं कोई दिक्कत नहीं है।

# भीषण सड़क हादसे में भगवान अयप्पा के 4 भक्तों की मौत, 7 घायल



रामनाथपुरम,आंध्र प्रदेश के रामनाथपुरम जिला में शनिवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई जबकि सात लोग घायल हो गए. हादसे के कारणों का पता नहीं चल सका है. पुलिस घटना की जांच में जुटी है. दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए. कीझकराई के पास एक कार एक्सीडेंट में पांच लोगों की मौत हो गई है, जहां सड़क किनारे खड़े भगवान अयप्पा के भक्तों की कार को दूसरी कार ने टक्कर मार दी, जबकि सात अन्य को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया. आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम से पांच अयप्पा भक्त एक कार में रामेश्वरम जा रहे थे. आज सुबह–सुबह उन्होंने रामनाथपुरम जिले के कीझकराई बीच रोड पर कुम्बिदुमदुरई के पास सड़क किनारे अपनी कार पार्क की थी. उस समय कीझकराई में तेज रफ़्तार से आ रही डीएमकी म्युनिसिपल काउंसिल प्रेसिडेंट की कार, सड़क किनारे खड़ी आंध्र प्रदेश रजिस्ट्रेशन नंबर वाली भगवान अयप्पा भक्त की कार से टकरा गई.इस दुर्घटना में कार में सवार 5 लोगों में से 3 और डीएमके म्युनिसिपल चेयरमैन के कार ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई. दुर्घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची कीझक्कराई पुलिस ने दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल 8 लोगों को बचाया और इलाज के लिए रामनाथपुरम गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भेजा. इनमें आंध्र प्रदेश के एक अयप्पा भक्त की हॉस्पिटल में मौत हो गई. इस हिसाब से आंध्र प्रदेश के 5 में से 4 लोगों की मौत हो गई. गंभीर रूप से घायल 7 लोगों में से दो का इंटेंसिव ट्रीटमेंट चल रहा है. पुलिस ने मरने वालों की बॉडी बरामद की और उन्हें पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी हॉस्पिटल भेज दिया. पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और घटना की जांच कर रही है. शुरुआती जांच में पता चला कि आंध्र प्रदेश के रामचंद्र राव, अप्पारो नायडू, बंडारा चंद्रराव, रामर और डीएके चेयरमैन की कार के ड्राइवर मुस्ताक अहमद की मौत हो गई. रामनाथपुरम पुलिस घटना के बारे में आगे जांच कर रही है.

# सेवा ही सम्मान है, अनुशासन ही पहचान है और राष्ट्रहित ही सर्वोच्च प्राथमिकता:सीएम योगी



लखनऊ ,उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होमगार्ड के जवानों को सेवा का मूलमंत्र देते हुए कहा कि सेवा ही सम्मान है, अनुशासन ही पहचान है तथा राष्ट्रहित ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। शनिवार को उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के 63वें स्थापना दिवस समारोह में सम्मिलित होकर सीएम योगी ने भव्य रैतिक परेड की सलामी ली और जवानों की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। उन्होंने कहा कि आपका अनुशासन, निष्ठा व त्याग हमारे समाज को सुरक्षित व संरक्षित बनाने में बड़ी भूमिका का निर्वहन करता है। आप केवल एक बल के स्वयंसेवक नहीं, बल्कि समाज के विश्वास के साथ ही प्रदेश सरकार की शक्ति हैं। इस अवसर पर उन्होंने होमगार्ड्स के विभिन्न मेडल प्राप्त अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने ऐसी व्यवस्था की है कि अब हर थाने में होमगार्ड जवानों के लिए रूम आरक्षित होगा, जिसमें वे यूनिफॉर्म व आवश्यक कागजात को सुरक्षित रख सकेंगे। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभाग से कहा कि होमगार्ड के जवान को आयुष्मान भारत की तर्ज पर कैशलेस स्वास्थ्य की सुविधा उपलब्ध हो, इसके लिए प्रस्ताव बनाकर भेजें, सरकार इसे आगे बढ़ाएगी। उत्तर प्रदेश होमगार्ड स्थापना दिवस के अवसर पर सभी जवानों व अधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि होमगार्ड स्थापना दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि अनुशासन, समर्पण व सेवा भावना का प्रतीक है।

आज यहां होमगार्ड संगठन के ऊर्जावान जवानों द्वारा अत्यंत उच्च कोटि की रैतिक परेड का प्रदर्शन किया गया है, जो होमगार्ड विभाग की क्षमता, उच्च अनुशासन और अनवरत परिश्रम को दर्शाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तारीफ करते हुए कहा कि कार्यक्रम में सम्मिलित सभी होमगार्ड जवान, जिनकी वेशभूषा, सेरिमोनियल ड्रेस, परिसर की साज–सज्जा और हरियाली आकर्षक व सम्मोहित करने वाली है, जो किसी भी संगठन व फोर्स के लिए प्रेरणादायी क्षण होना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि आज भारत के संविधान के शिल्पी बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का पावन महापरिनिर्वाण दिवस है। यह दिन प्रेरणा दिवस है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने प्रत्येक भारतीय को एक ही प्रेरणा दी कि हमारी पहचान परिवार, जाति, क्षेत्र व भाषा से नहीं, बल्कि जन्म से लेकर अंतिम यात्रा तक केवल भारतीयता की होनी चाहिए। इसी भारतीयता की पहचान का पालन हमें करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में हर भारतवासी से कहा था कि यूनिफॉर्म धारी प्रत्येक व्यक्ति के प्रति सम्मान हम सबके मन में होना चाहिए।

### ममता बनर्जी ने विवादित ढांचा विध्वंस की बरसी पर कहा, सांप्रदायिक राजनीति के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी

कोलकाता , विवादित ढांचा गिराए जाने के दिन को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) हर साल सद्भाव दिवस के रूप में मनाती है। शनिवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी का नाम लिए बिना परोक्ष रूप से चेतावनी दी कि कुछ निहित स्वार्थों की सांप्रदायिक राजनीति के खिलाफ उनकी लड़ाई जारी रहेगी। मुख्यमंत्री ने शनिवार को जारी एक सोशल मीडिया बयान में कहा, जो लोग देश को बर्बाद करने के लिए सांप्रदायिकता की आग भड़काने का खेल खेल रहे हैं, उनके खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी। इसके साथ ही, उन्होंने लोगों से इस मौके पर राज्य में शांति और सद्भाव की विरासत को बहाल करने की भी अपील की। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, एकता ही शक्ति है। सबसे पहले, मैं एकता दिवस, सद्भाव दिवस के अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देती हूं। बंगाल की धरती एकता की धरती है। यह धरती रवींद्रनाथ की धरती है, नजरुल की धरती है, रामकृष्ण–विवेकानंद की धरती है। इस धरती ने कभी भी बंटवारे के आगे सिर नहीं झुकाया है और न ही आने वाले दिनों में झुकाएगी।

### शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने खुशीमठ से किया चारधाम यात्रा का शुभारंभ



उत्तरकाशी। चारधाम शीतकालीन तीर्थ यात्रा के तहत ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने शनिवार को मां यमुना के शीतकालीन प्रवास खुशीमठ (खरसाली) में शीतकालीन यात्रा का शुभारंभ किया, जिसके बाद शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज का बड़कोट नगर पालिका में भव्य स्वागत किया गया तथा नगर पालिका अध्यक्ष विनोद डोभाल एवं उनकी पत्नी प्रो. योगिता डोभाल ने चरणपादुका की पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# गजल्ड गांव में गुलदार की दहशत बरकरार , डीएफओ ने किया ढांढरी और सिरोली गांव का दौरा



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : गढ़वाल वन प्रभाग की पौड़ी रेंज के गजल्ड गांव में गुलदार की दहशत बनी है। गुलदार के अभी तक पकड़े या मारे नहीं जाने की वजह से ग्रामीणों में दहशत बनी है। शुक्रवार को गुलदार पास के गांव सिरोली में भी ग्रामीणों को दिखाई दिया। गजल्ड में बीते गुरुवार को गुलदार ने एक व्यक्ति को निवाला बना लिया था। गढ़वाल वन प्रभाग के डीएफओ अभिमन्यु सिंह ने शनिवार को ढांढरी और सिरोली गांव का दौरा किया।

शनिवार को भी पौड़ी ग्रामीण क्षेत्र के स्कूल बंद ही रहे। वन विभाग की टीमें गजल्ड के साथ ही ढांढरी और कोटी में डेरा डाले हुए है। कोटी में इससे पहले एक गुलदार पिंजरे में पकड़ लिया गया था, लेकिन गजल्ड और ढांढरी में अभी तक कोई सफलता नहीं मिल पाई। वन विभाग ने गजल्ड में भी पशुपालकों को चारा दिया है ताकि महिलाएं इन दिनों अकेले जंगलों की ओर चारा पत्ती लेने न जाए। वन विभाग की मुश्किलें इसलिए भी बढ़ी हुई है कि अकेले पौड़ी रेंज में ही गुलदार ढांढरी, देवार और गजल्ड में एक साथ सक्रिय हो गया है। ढांढरी में गुलदार ने महिला को जबकि देवार में एक बच्चे को गुलदार घायल कर चुका है। एक के बाद एक हमलों के बाद वन विभाग की रणनीति अभी तक कारगर साबित नहीं हो पाई है। गढ़वाल वन प्रभाग के डीएफओ अभिमन्यु सिंह ने शनिवार को ढांढरी और सिरोली गांव का भी दौरा किया। बताया कि गुलदार सक्रिय गांवों में लगातार टीमें गश्त में लगी है। गुलदार पर नजर रखी जा रही है। ग्रामीणों से भी सतर्क रहने की अपील की गई है। इसके साथ ही उन्हें जागरूक भी करने का काम भी किया जा रहा है। बताया कि विभाग कुछ स्थानों पर झाडी कटान से लेकर स्कूल आवाजाही के समय में बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी कदम उठा रहा है। इसके लिए कार्य योजना बनाई जाएगी। फिलहाल गुलदार प्रभावित गांवों में जहां भी टीमें तैनात है वह बनी रहेगी और किसी को भी हटाया नहीं जाएगा।

### गुलदार का बढ़ा आतंक, दो दिन में एक महिला, एक पुरूष का बनाया निवाला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले में वन्यजीवों के हमले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। पिछले दो दिनों में बाघ और गुलदार के हमले में दो लोगों की जान चली गई है। इस घटना के बाद लोगों ने काफी विरोध किया। वहीं वन विभाग के अधिकारियों ने गुलदार के लगातार हमलों से बचने के लिए ग्रामीणों से अपील कर कहा कि कोई भी व्यक्ति घर से अकेले बाहर न जाए। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि गुलदार को पकड़ने के प्रयास लगातार जारी हैं जिससे इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सकें।

शुक्रवार देर शाम जयहरीखाल ब्लॉक के सीरोबाड़ी गांव में खेतों के पास चारा लेने गई बुजुर्ग महिला उर्मिला देवी (60) पर बाघ ने हमला कर उसे मार दिया। देर तक घर वापस नहीं लौटने पर ग्रामीणों ने जब बुजुर्ग महिला की खोजबीन शुरू की तो उसका शव खेतों के पास लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। परिजनों ने बताया कि बुजुर्ग महिला पशुओं के लिए चारा लेने के लिए खेत में गई थी, तभी घात लगाकर बैठे बाघ ने उस पर हमला कर मार दिया। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने शव उठाने से इनकार कर दिया और विरोध शुरू कर दिया। इससे एक दिन पहले गुरुवार सुबह चवथ पट्टी क्षेत्र के गजल्ड गांव में मंदिर से लौट रहे 42 वर्षीय राजेंद्र प्रसाद नौटियाल को गुलदार ने हमला कर मार डाला था। लगातार दो दिनों में हुई इन घटनाओं से क्षेत्र में भय और आक्रोश व्याप्त है तथा ग्रामीण वन विभाग से ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वन विभाग ने ग्रामीणों से वन्यजीवों के हमलों से बचने के लिए अकेले घर से बाहर नहीं निकलने की अपील की है।

### भालू व गुलदार की धमक से आम लोगों में दहशत

नई टिहरी। ऋषिकेश–बदरीनाथ राजमार्ग पर स्थित होटलों व पेट्रोल पंप के निकट दिन दहाड़े जंगली भालू की आवाजाही से देवप्रयाग में काफी दहशत बनी है। जबकि नई टिहरी और चंबा में गुलदार दिखने से दहशत का माहौल है। नई टिहरी व चंबा में वन विभाग ने गश्त लगाने के साथ की चेतावनी भी जारी की है। देवप्रयाग में राजमार्ग से सटे सैनिक होटल चकासा में पास दोपहर में भालू के आ धमकने से यहां कर्मचारियों सहित पर्यटकों में दहशत बन गई। वहीं यहां स्थित पेट्रोल पंप में वाहनों में तेल भरवा रहे लोग भी भयभीत हो गए। कोठी गांव निवासी अंकित ध्यानी के अनुसार भारी भरकम भालू यहां होटलों के आस पास फैली झाड़ियों में बड़ी देर तक खाने की तलाश में घूमता रहा। भालू के होटल के भीतर घुसने की आशंका पर यहां उनके सभी दरवाजे बंद कर दिए गए। भालू की गतिविधि वीडियो में कैद करने लोग यहां छतों पर चढ़ गए। काफी हो हल्ले के बाद यहां से निकल गया। मगर भालू के कभी भी आ धमकने व हमला करने की संभावना से यहां दहशत बनी है। होटल संचालकों ने वन विभाग से यहां जंगली भालू से सुरक्षा दिए जाने की मांग की गई है। दूसरी ओर चंबा में गुलदार को बीते दिवस दिन दहाड़े दिखने से लोगों में दहशत बनी है। नई टिहरी जिला मुख्यालय के कुछ हिस्सों को वन विभाग ने गुलदार प्रभावित बताकर यहां पर चेतावनी जारी कर कई अहतियातें दी हैं।

## रोजाना टमाटर खाने से मिल सकते हैं ये 5 स्वास्थ्य लाभ, डाइट में करें शामिल

टमाटर का इस्तेमाल लगभग हर रसोई में किया जाता है। यह न केवल खाने का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि कई जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर भी होता है। टमाटर में विटामिन–सी, पोटेशियम और लाइकोपीन जैसे एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो हमारे शरीर के लिए बहुत फायदेमंद हैं। इसलिए इन्हें अपने खाने में शामिल करें। आइए जानते हैं कि रोजाना टमाटर का सेवन करने से क्या–क्या लाभ मिल सकते हैं।

दिल की सेहत के लिए है फायदेमंद

टमाटर में मौजूद लाइकोपीन दिल के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह धमनियों में सूजन को कम करता है और रक्त संचार को बेहतर बनाता है। इसके अलावा टमाटर का नियमित सेवन खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद करता है, जिससे दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है। टमाटर में पोटेशियम भी होता है, जो रक्तचाप को नियंत्रित करने में सहायक है।

वजन घटाने में है मददगार

वजन घटाने के लिए टमाटर का सेवन करना बहुत लाभकारी हो सकता है। टमाटर में कम कैलोरी होती हैं और यह फाइबर से भरपूर होता है, जो पेट को लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराता है। इससे आपको बार–बार खाने की इच्छा नहीं होती और आप ज्यादा खाने से बच सकते हैं। इसके अलावा टमाटर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट शरीर की ऊर्जा को बढ़ाते हैं, जिससे शरीर अधिक कैलोरी जलाता है और वजन घटता है।

पाचन क्रिया को सुधारने में है प्रभावी

टमाटर में मौजूद फाइबर पाचन क्रिया को सुधारने में मदद करता है। यह कब्ज, गैस और अपच जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है। इसके अलावा टमाटर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में सहायक होते हैं। टमाटर का नियमित सेवन करने से पेट साफ रहता है और पाचन क्रिया सही तरीके से काम करती है। साथ ही टमाटर का सेवन पेट की सूजन को भी कम कर सकता है।

त्वचा के लिए है फायदेमंद

टमाटर में विटामिन–सी और लाइकोपीन होते हैं, जो त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। ये त्वचा की चमक बढ़ाते हैं और मुंहासों से छुटकारा दिलाते हैं। इसके अलावा टमाटर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट त्वचा की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करते हैं। टमाटर का नियमित सेवन करने से त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनती है। आप टमाटर के रस का भी इस्तेमाल कर सकते हैं, जिससे आपकी त्वचा तरोताजा और निखरी हुई दिखेगी।

आंखों की रोशनी बढ़ाने में है सहायक

टमाटर में विटामिन–ए और बीटा कैरोटीन होते हैं, जो आंखों की रोशनी बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। ये विटामिन आंखों की रोशनी को बढ़ाने के साथ–साथ उनसे जुड़ी समस्याओं को भी दूर रखते हैं। इसके अलावा टमाटर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट आंखों की सूजन को कम करते हैं। टमाटर का नियमित सेवन करने से आपकी आंखें स्वस्थ रहती हैं और उनकी रोशनी बढ़ती है।

## वाशिंग मशीन की सफाई के लिए अपनाएं ये आसान तरीके

वाशिंग मशीन की सफाई करना एक जरूरी काम है, जिसे कई बार लोग नजरअंदाज कर देते हैं। इससे न केवल मशीन की उम्र बढ़ती है, बल्कि कपड़ों की सफाई भी बेहतर होती है। इस लेख में हम आपको कुछ सरल और प्रभावी तरीकों के बारे में बताएंगे, जिनसे आप अपनी वाशिंग मशीन को साफ और ताजा रख सकते हैं। इन तरीकों को अपनाकर आप अपनी वाशिंग मशीन को लंबे समय तक सही रख सकते हैं।

सिरके का करें उपयोग

सिरका एक प्राकृतिक सफाई का साधन है, जो वाशिंग मशीन की गंदगी और कीटाणुओं को खत्म करने में मदद करता है। इसके लिए आप अपनी मशीन के धोने वाले हिस्से में एक कप सिरका डालें और उसे गर्म पानी पर चलाएं। इससे मशीन के अंदर की सारी गंदगी साफ हो जाएगी और मशीन ताजगी महसूस करेगी। सिरके के उपयोग से कपड़ों की महक भी बेहतर होगी और मशीन की उम्र बढ़ेगी।

बेकिंग सोडा से होगा फायदा

बेकिंग सोडा भी एक अच्छा सफाई का साधन है, जो वाशिंग मशीन को साफ करने में मदद करता है। इसके लिए आपको बस एक कप बेकिंग सोडा लेना है और उसे मशीन के धोने वाले हिस्से में डालना है, फिर मशीन को गर्म पानी पर चलाएं। इससे मशीन के अंदर की सारी गंदगी साफ हो जाएगी और मशीन ताजगी महसूस करेगी। बेकिंग सोडा के उपयोग से कपड़ों की महक भी बेहतर होगी और मशीन की उम्र बढ़ेगी।

गर्म पानी का करें उपयोग

गर्म पानी का उपयोग करके आप अपनी वाशिंग मशीन को अच्छी तरह से साफ कर सकते हैं। इसके लिए मशीन के धोने वाले हिस्से में गर्म पानी भरें और उसे चलने दें। इससे सारी गंदगी और कीटाणु खत्म हो जाएंगे। गर्म पानी से कपड़ों की महक भी बेहतर होगी और मशीन की उम्र बढ़ेगी। इसके अलावा यह तरीका मशीन के अंदर की सफाई को भी बेहतर बनाता है और मशीन को ताजगी महसूस कराता है।

लिक्विड डिटर्जेंट का करें इस्तेमाल

अधिकांश लोग कपड़े धोने वाले पाउडर का उपयोग करते हैं, जो मशीन में जमा हो सकता है और गंदगी का कारण बन सकता है।

# अमृत काल में नारी शक्ति का नया दौर

**श्रीमती अन्नपूर्णा देवी**

जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो राष्ट्र का उत्थान होता है समानता और न्याय के मूल्यों पर आधारित समाज में, महिला की गरिमा से कतई समझौता नहीं होना चाहिए। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तिकरण के लिए हमारे समग्र कार्यक्रम– मिशन शक्ति– के ज़रिए इसे संस्थागत ढांचे में बदलकर इस विश्वास को फिर से मजबूत किया है। जैसा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उचित ही कहा है, हमारी सरकार महिलाओं के लिए इसम्मानइ और इसुविधाइ को सबसे ज़्यादा महत्व देती है।इइ ये मार्गदर्शक शब्द केवल भावनाएँ मात्र नहीं, अपितु वह नींव हैं, जिस पर मोदी सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए मिशन शक्ति के तहत भारत के कोने–कोने में मज़बूत संस्थागत तंत्र स्थापित किए हैं।

इस प्रयास के केंद्र में मिशन शक्ति की संबलइइ उप–योजना के तहत चलने वाले वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) हैं। 2015 में शुरू हुए ये केंद्र हिंसा की शिकार महिलाओं को एकीकृत सहायता तंत्र प्रदान करते हैं, ताकि उन्हें खामोश रहकर पीड़ा न सहनी पड़े और न ही बिखरी हुई सहायता प्रणालियों के बीच भटकना पड़े। आज तक, पूरे भारत में 862 ओएससी चल रहे हैं, जिनसे 12.20 लाख से ज़्यादा महिलाओं को एक ही छत के नीचे कानूनी मदद, चिकित्सा सहायता, पुलिस की मदद, आश्रय और मनोवैज्ञानिक परामर्श जैसी एकीकृत मदद मिली है।

डर से आज़ादी तक, खामोशी से सहायता तक – ओएससी ऐसे स्थान हैं जहाँ से घाव भरने की शुरूआत होती है। ये केंद्र प्रतिक्रियात्मक शासन से आगे बढ़कर सक्रिय शासन का रुख करते हैं। चाहे किसी महिला को अपने घर, कार्यस्थल या सार्वजनिक स्थान पर हिंसा का सामना करना पड़े, ओएससी उसके पुनर्वास, गरिमा और न्याय दिलाने में मदद करने के मोदी सरकार के संकल्प का प्रमाण हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि ये केंद्र अस्पतालों के भीतर या उनके पास स्थापित किए गए हैं, ताकि तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सके – जो मुश्किल समय में पहला ज़रूरी कदम है। महिला हेल्पलाइन (181) का सार्वभौमीकरण भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जो संकट से घिरी महिलाओं के लिए 24&7 मदद सुनिश्चित करके ओएससी का पूरक बनता है। 35 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में संचालित यह हेल्पलाइन अब तक 2.56 करोड़ से अधिक कॉल संभाल चुकी है और 93.48 लाख से अधिक महिलाओं की मदद कर चुकी है (30 सितंबर तक)। आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली (ईआरएसएस–112) से एकीकृत यह हेल्पलाइन संकट और राहत के बीच की दूरी को पाटती है।

व्यवस्थागत जवाबदेही को मजबूत करने और तेजी से न्याय पहुंचाने के लिए, हमने 745 फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय स्थापित किए हैं, जिनमें से 404 विशेष पॉक्सो न्यायालय हैं। इन न्यायालयों ने यह सुनिश्चित करते हुए कि न्याय में देरी का मतलब न्याय से इनकार नहीं है, अब तक 3.06 लाख से अधिक मामलों का निपटारा किया है। सुनाया गया प्रत्येक फ़ैसला, बहाल किया गया प्रत्येक अधिकार न्यायपूर्ण और लैंगिक समानता वाले भारत की ओर उठाया गया एक कदम है। न्याय मिलना अब प्रक्रियात्मक देरी के कारण बाधित नहीं होता, और प्रत्येक सर्वाइवर समय पर राहत की उम्मीद कर सकता है।

इसके साथ ही, हम पुलिस स्टेशनों पर 14,658 महिला हेल्प डेस्क

**व्यवस्थागत जवाबदेही को मजबूत करने और तेजी से न्याय पहुंचाने के लिए, हमने 745 फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय स्थापित किए हैं, जिनमें से 404 विशेष पॉक्सो न्यायालय हैं। इन न्यायालयों ने यह सुनिश्चित करते हुए कि न्याय में देरी का मतलब न्याय से इनकार नहीं है, अब तक 3.06 लाख से अधिक मामलों का निपटारा किया है। सुनाया गया प्रत्येक फ़ैसला, बहाल किया गया प्रत्येक अधिकार न्यायपूर्ण और लैंगिक समानता वाले भारत की ओर उठाया गया एक कदम है। न्याय मिलना अब प्रक्रियात्मक देरी के कारण बाधित नहीं होता, और प्रत्येक सर्वाइवर समय पर राहत की उम्मीद कर सकता है।**



(डब्ल्यूएचडी) के साथ ज़मीनी स्तर को मज़बूत कर रहे हैं, जिनमें से 13,700 से ज़्यादा की कमान महिलाएँ संभाल रही हैं। ये डेस्क सर्वाइवर्स में अपराधों की रिपोर्ट करने का आत्मविश्वास बढ़ाते हैं, जिन्हें महिलाओं से संबंधित मुद्दों के प्रति संवेदनशील प्रशिक्षित कार्मिकों की सहायता मिलती है। महिला अधिकारियों की मौजूदगी न केवल आत्मविश्वास बढ़ाती है, बल्कि संस्थागत संवेदनशीलता और जवाबदेही को भी मज़बूत करती है।हम 807 एंटी–ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट्स (एएचटीयू) के ज़रिए मानव तस्करी से भी निपट रहे हैं और निर्भया कोष के तहत रेलवे और सड़क परिवहन सेवाओं में आपातकालीन निगरानी प्रणालियों की स्थापना के जरिए सुरक्षित गतिशीलता सुनिश्चित कर रहे हैं। ये कदम कि महिलाओं का सुरक्षित रूप से यात्रा करना, निडर होकर काम करना और सार्वजनिक एवं निजी जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति करना सुनिश्चित करते हैं।यह एकीकृत दृष्टिकोण सिफ़ ʻप्रतिक्रिया तक ही सीमित नहीं है, बल्कि रोकथाम, पुनर्वास और सशक्तिकरण तक व्याप्त है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) जैसी पहलों के ज़रिए, हम सोच बदल रहे हैं और सम्मान, बराबरी और अवसर के मूल्य स्थापित कर रहे हैं। पीएमएमवीवाई और सखी निवास के ज़रिए, हम ऐसी व्यवस्थाएं बना रहे हैं, जो महिलाओं को सिफ़ ʻसर्वाइवर के तौर पर ही नहीं, बल्कि देश की प्रगति में हितधारकों के तौर पर भी महत्व देती हैं। हमारे सखी निवास हॉस्टल, जिनमें से कई शहरी प्रत्येक और अर्ध–शहरी इलाकों में हैं,– 26,000 से ज़्यादा कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित और किफायती रहने की जगह दे रहे हैं जिससे वे बिना किसी डर के अपने सपने पूरे कर सकती हैं।मिशन शक्ति के तहत हमारी रणनीति एकीकरण, समन्वय और सामुदायिक स्वामित्व पर आधारित है। संकल्पः हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ़ विमेन की शुरुआत के साथ, हमने स्थानीय क्रियान्वयन में एक रणनीतिक परत जोड़ी है, जिससे महिलाएँ एक ही प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से कई योजनाओं का लाभ ले सकती हैं। स्थानीय स्तर पर सशक्तिकरण और समन्वय के केंद्र के रूप में कार्य करने वाले इन केंद्रों के ज़रिए 27 लाख से ज़्यादा महिलाएं लाभान्वित हो चुकी हैं। महिलाओं के खिलाफ हिंसा केवल महिलाओं का मुद्दा नहीं है, यह एक राष्ट्रीय सरोकार है। प्रत्येक निर्मित ओएससी, प्रत्येक हेल्पलाइन कॉल जिसका उत्तर दिया गया, और निपटाया गया प्रत्येक मामला, ऐसा भारत बनाने के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जहाँ प्रत्येक महिला गरिमा, सुरक्षा और गर्व के साथ जीवन जी सके।

जैसे&जैसे हम अमृत काल &भारत की प्रगति और बदलाव के स्वर्णिम दौर& में कदम रख रहे हैं, महिलाओं का सशक्तिकरण सिफ़ ʻएक लक्ष्य नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय मिशन बन चुका है। सशक्त महिलाओं को केंद्र में रखे बगैर 2047 तक विकसित भारत बनाने का विज़न अधूरा है।

नारी शक्ति कोई नारा नहीं है। यह हमारी रणनीति है। यह हमारी ताकत है। यह हमारा भविष्य है। महिलाएं – देखरेखकर्ता, परिवर्तनकर्ता, उद्यमियों और नेतृत्वकर्ताओं के तौर पर – विकसित भारत की रीढ़ हैं। उन्हें सम्मान, सुरक्षा और अवसर देना सुनिश्चित करना अनिवार्य है।हमारा सफ़र जारी है, एक समय में एक सशक्त महिला, एक समय में एक सुरक्षित् स्थान के साथ। और प्रत्येक कदम के साथ, हम एक मज़बूत, सुरक्षित और अधिक समावेशी भारत का निर्माण कर रहे हैं।

## क्या भाजपा असम, और पश्चिमी बंगाल में जीत हासिल कर सकती है

**अजय दीक्षित**

असम और पश्चिमी बंगाल के विधानसभा चुनाव अप्रैल 2026 में होने हैं। 14 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए के बिहार विधानसभा चुनावों में जीत के बाद दिल्ली में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा है कि गंगा मैया बिहार से ही पश्चिमी बंगाल जाती है। प्रधानमंत्री का इशारा असम और पश्चिमी बंगाल विधानसभा चुनावों की ओर था । अभी दोनों राज्यों में से असम में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। पश्चिमी बंगाल में ममता बनर्जी मुख्यमंत्री है ।

289 सदस्यीय पश्चिमी बंगाल विधानसभा में 289 सीट है। यहां पर 2021के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने 77 सीट जीती थी। यहां पर मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी और तृणमूल कांग्रेस के बीच होगा ।जबकि असम में 117 सदस्यीय विधानसभा में चुनावों में मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच होगा।

2021 असम विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने 61 सीट जीती थी। कांग्रेस के तरुण गोगई और उनके पुत्र गौरव गोगई मरो करो का प्रश्न है। क्योंकि 2016 से भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और हेमंत विश्व शर्मा मुख्यमंत्री है। दूसरी ओर चुनाव आयोग दोनों राज्यों में चुनाव से पहले मतदाता सूचियों गहन परीक्षण एसआईआर करा रहा है जिसके लिए ममता बनर्जी ने आंदोलन चला रखा है। बताया जाता है कि पश्चिमी बंगाल विधानसभा चुनावों में अब एक करोड़ बोटर कम हो जाएगा अभी 7.5 करोड़ लोग मतदाता सूचियों में दर्ज है।असम में भी 50 लाख लोग मतदाता सूचियों में से हटाए जाने है। दोनों राज्यों में भारी संख्या में बंगला देश की घुसपैठी है। दरअसल बिहार विधानसभा चुनावों में कांग्रेस और राजद की करारी हार से पूर्वोत्तर भारत असर हुआ है । भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में एक मोहाल बना है जिसका असर असम और पश्चिमी बंगाल विधानसभा चुनावों पर पड़ेगा।2021 के पश्चिमी बंगाल विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को 39 फीसदी वोट मिला था और तृणमूल कांग्रेस से लगभग 61 लाख वोट कम मिला था जो लगभग 9 फीसदी अधिक था 289 सदस्यीय विधानसभा में

77 सीट मिली थी।जबकि तुड़मूल कांग्रेस को 212 सीट मिली। तत्कालीन समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधानसभा चुनावों में ममता बनर्जी को मुद्दा बनाया था। इससे बंगाल अस्मिता का प्रश्न बनकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आपुला मानुष का मुद्दा उठाया। लोगों ने शायद इसी मुद्दे पर वोट डाले। अबकी बार स्थिति भिन्न है परसों दुर्गापुर रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल का औद्योकरण ,विकास,सड़क,और तृणमूल कांग्रेस के मंत्रियों के भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया है।यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी ने अपनी रणनीत बदलते हुए बांग्लादेश का मुद्दा उठाया है। कहते हैं कि बंगाल में युवाओं का पलायन भी बड़ी संख्या में दिल्ली की ओर हुआ है।यानी रोजगार भी मुद्दा बनाया जा सकता है। पश्चिमी बंगाल में अगर मछली उद्योग को छोड़ दें तो कोई बड़ा उद्योग नहीं है।

कलकत्ता से कोलकाता बना शहर वस्त्र,पटसन, जुट, हैवी मास्त्ररी के जाना जाता था मगर अब मर गया है कोलकाता शहर ,शेष रह गई है तो बस यादें। पश्चिमी बंगाल इन दिन महिलाओं, स्त्रियां के शोषण के कुख्यात है और यहां से महिलाओं, स्त्रियां, बच्चियों की पूरे भारत में तस्करी होती है।

## जीडीपी माप अपडेट

केंद्र ने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की नई श्रृखंला शुरू करने के लिए चर्चा पत्र पेश किया है। मकसद फरवरी 2026 से जीडीपी मापने के नए फॉर्मूले को लागू करना है। चर्चा पत्र से संकेत मिले हैं कि सरकार नए फॉर्मूले में किन पहलुओं को जगह देना चाहती है। इसके मुताबिक नई सीरीज़ का आधार वर्ष 2022–23 को बनाया जाएगा। इस तरह नरेंद्र मोदी सरकार ने सत्ता में आने के बाद जो नया आधार वर्ष अपनाया था, वह लगभग एक दशक और आगे बढ़ जाएगा। इसके अलावा सरकार का इरादा जीडीपी माप में सक्रिय कंपनियों की नई परिभाषा, एलएलपी कंपनियों के आंकड़ों का अधिक विस्तृत रूप शामिल करना, कॉरपोरेट्स की सालाना रिपोर्ट्स से अधिक सूचनाएं लेना और गैर–निगमीकृत कंपनियों के सालाना सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों को शामिल करना है। साथ ही प्राइवेट कंपनियों, एमएसएमई दायरे में आने वाली अपेक्षाकृत बड़ी गतिविधियों, और कृषि क्षेत्र में इनपुट– आउटपुट अनुपात के मद्देनजर मूल्य–वर्धन (वैल्यू ऐड) की गणना करना है। जीडीपी में मुद्रास्फीति के प्रभाव की गणना की विधि में बड़े परिवर्तन का प्रस्ताव किया गया है। इसके तहत स्थिर मूल्य पर सकल इनपुट और आउटपुट से अलग–अलग मुद्रास्फीति दर को घटाया जाएगा। सरकार का दावा है कि इससे वैल्यू ऐडेड ग्रोथ की अधिक स्पष्ट तस्वीर सामने आएगी। सामान्य नजरिए से देखें, तो गुजरते समय और बदलते हालात के साथ जीडीपी जैसे आंकड़ों की माप को अपडेट करना स्वागतयोग्य प्रयास माना जाएगा। लेकिन हालिया वर्षों में रहे अनुभव को ध्यान में रखें, तो इस आशंका में भी दम है कि यह सारा प्रयास बिना जमीनी हालत बदले बेहतर सूरत दिखाने का प्रयास ना बन जाए। विकास के पैमानों का मकसद हकीकत को समझना होना चाहिए,

## अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 फिर लगाने आ रही दहाड़



सुपरस्टार अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की ब्लॉकबस्टर फिल्म पुष्पाः द रूल फिर से लौटने को तैयार है। दिसंबर, 2024 में रिलीज इस फिल्म ने भारतीय सिनेमा में तहलका मचा दिया था। एक साल बाद भी इसका खुमार प्रशंसकों के दिलों में बरकरार है। अल्लू अभिनीत इस फिल्म को फिर बड़े पर्दे पर रिलीज किया जा रहा है। फर्क सिर्फ इतना है कि पुष्पा 2 इस बार भारत में नहीं, बल्कि दूसरे देश में रिलीज होने जा रही है।

पुष्पा 2 में अपने किरदार श्रीवल्ली से मशहूर हुईं रश्मिका ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने बताया कि फिल्म अगले साल 16 जनवरी को जापान में रिलीज हो रही है। अभिनेत्री ने पोस्ट में मजेदार तरीके से लिखा, कोनिचिवा, जापान!! और जंगल की आग आधिकारिक तौर पर दुनियाभर में फैल रही है... पुष्पा 16 जनवरी, 2026 को जापान पहुंच रही है... क्या आप तैयार हैं?? साथ में पुष्पा 2 का जापानी भाषा में ट्रेलर साझा किया।

पुष्पाः द रूल एक रिकॉर्ड तोड़ने वाली ब्लॉकबस्टर है जिसने बाहुबली और आरआरआर को पीछे छोड़ दिया, इंडिया में लगभग 1900 करोड़ कमाए और इंडियन सिनेमा हिस्ट्री में नंबर 1 ब्लॉकबस्टर बन गई। फिल्म में अल्लू अर्जुन पुष्पराज के रोल में, फहद फासिल पुलिस ऑफिसर शेखावत के रोल में, और रश्मिका मंदाना पुष्पा की पत्नी श्रीवल्ली के रोल में हैं। सुकुमार के डायरेक्शन में बनी यह मूवी एक ग्लोबल एक्शन एपिक है जो इंडिया से लेकर जापान तक फैली हुई है।

### न्यूजीलैंड बनाम वेस्टइंडीजः जस्टिन ग्रीव्स ने दोहरा शतक जड़कर ड्रॉ कराया पहला टेस्ट

नईदिल्ली,वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के बीच क्राइस्टचर्च में खेला गया पहला टेस्ट मैच ड्रॉ पर समाप्त हो गया। न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी 466/8 के स्कोर पर घोषित करते हुए वेस्टइंडीज को जीत के लिए 531 रन का लक्ष्य दिया था। इसके बाद वेस्टइंडीज ने जस्टिन ग्रीव्स (202*) और केमार रोच (58*) द्वारा 7वें विकेट के लिए रिकॉर्ड साझेदारी कर मैच को ड्रॉ पर समाप्त करा दिया। आइए इस मैच में बने रिकॉर्ड्स पर नजर डालते हैं। न्यूजीलैंड ने चौथे दिन वेस्टइंडीज टीम को 531 रन का असंभव लक्ष्य दिया था। उसके बाद कीवी टीम एक समय वेस्टइंडीज को 72 रन पर 4 झटके देते हुए जीत की ओर बढ़ती नजर आई, लेकिन शाई होप (140) और ग्रीव्स ने 196 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूती दी। उसके बाद ग्रीव्स ने रोच के साथ 7 विकेट के लिए 180* रन साझेदारी करते हुए 457/6 के स्कोर के साथ मैच को ड्रॉ पर समाप्त करा दिया। ग्रीव्स ने मैच में शानदार दोहरा शतक जड़ा। यह उनके टेस्ट करियर का दूसरा शतक और पहला दोहरा शतक रहा, जिसे उन्होंने 384 गेंदों में पूरा किया। वह अपनी पारी में 18 चौके जड़कर नाबाद रहे।

## कुलदीप–कृष्णा के बाद रोहित–यशस्वी और विराट का तूफान, भारत ने शान से जीती सीरीज

नई दिल्ली। यशस्वी जायसवाल के शतक (116*) और रोहित शर्मा (75)– विराट कोहली (65) के अर्धशतक की बदौलत भारतीय टीम ने वाइजैक में खेले गए तीसरे वनडे में साउथ अफ्रीका को 9 विकेट से हराकर 3 मैचों की वनडे सीरीज 2–1 से अपने नाम की। इसके साथ ही टीम इंडिया ने टेस्ट सीरीज में मिली हार का हिसाब भी चुका कर लिया है। दोनों टीमों के बीच अब 9 दिसंबर टी20 सीरीज खेली जाएगी। मुकाबले की बात करें तो 20 मैचों के इंतजार के बाद सिक्का भारत के पक्ष में गिरा। ऐसे में भारतीय प्लेयर्स से लेकर फैंस तक सब खुशी से झूम उठे। राहुल ने ओस को देखते हुए फटाफट गेंदबाजी करने का फैसला ले लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी साउथ अफ्रीका टीम 47.5 ओवर में 270 रन पर सिमट गई। टीम को सस्ते में समेटने में भारतीय गेंदबाजों का अहम योगदान रहा। क्विंटन डिकॉक ने सबसे



ज्यादा 106 रन बनाए। यह उनके वनडे करियर का 23वां शतक था। इसके साथ ही साउथ अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज ने कई रिकॉर्ड बनाए। साउथ अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा फिफ्टी से चूक गए। उन्होंने 67 गेंदों पर 48 रन की पारी खेली। ओपनर रयान रिकेलटन को अर्शदीप सिंह ने पहले ही ओवर में बिना खाता खोले पवेलियन भेज दिया। अन्य बल्लेबाजों की बात करें तो मैथ्यू ब्रीत्जके ने 24, एडेन मार्कराम ने 1, डेवाल्ड ब्रेविस ने 29, मार्को जानसेन ने 17, कॉर्बिन बॉश ने 9, लुंगी एनगिडी ने 1 और ओटनील बार्टमैन ने 3 रन बनाए। के महाराज ने नाबाद 20 रन बनाए। भारत की ओर से कुलदीप यादव और प्रसिद्ध कृष्णा ने कमाल की गेंदबाजी की। कुलदीप ने 10 ओवर में 41 रन देकर तो कृष्णा ने 9.5 ओवर में 66 रन देकर 4–4 सफलताएं प्राप्त कीं। वहीं अर्शदीप सिंह और रवींद्र जडेजा ने 1–1 विकेट चटकाया।

271 रन चेज करने उतरी भारतीय टीम को रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल की सलामी जोड़ी ने उम्दा शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 155 गेंदों पर 155 रन जोड़े। महाराज ने रोहित को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। शतक की ओर बढ़ रहे रोहित बड़ा शॉट लगाने के प्रयास में कैच आउट हुए। उन्होंने 7 चौकों और 3 छक्के की मदद से 73 गेंदों पर 75 रन बनाए।

## तेरे इश्क में का दुनियाभर में डंका



अभिनेत्री कृति सैनन की हिट फिल्मों की सूची में एक और नाम शामिल हो गया है। आनंद एल राय के निर्देशन में बनी रोमांटिक–एक्शन फिल्म तेरे इश्क में पूरी दुनिया में तहलका मचा रही है। फिल्म में कृति के साथ सुपरस्टार धनुष मुख्य किरदार में हैं और दोनों की जोड़ी ने दर्शकों का दिल जीता है। घरेलू बॉक्स ऑफिस पर छठे दिन इसकी कमाई में मंदी देखी गई, लेकिन दुनियाभर में कृति–धनुष की फिल्म अच्छा प्रदर्शन कर रही है।सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म ने रिलीज के छठे दिन 6.75 करोड़ रुपये कमाए हैं। इसमें हिंदी पट्टी से लगभग 6.4 करोड़ रुपये और तमिल से 35 लाख रुपये का कारोबार शामिल है। कारोबारी दिनों में बुधवार को आई ये गिरावट अन्य दिनों के मुकाबले में सबसे कम आंकी गई है। तेरे इश्क में की भारत में कुल कमाई 76.75 करोड़ रुपये हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, तेरे इश्क में ने करीब 8 करोड़ रुपये की विदेशी कमाई के साथ पहले हफ्ते में दुनियाभर में 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया है। घरेलू बाजार में सिर्फ 6 दिनों में करीब 92.50 करोड़ रुपये के कारोबार के साथ, ये फिल्म धनुष के बॉलीवुड करियर की हिट और दुनियाभर में 100 करोड़ कमाने वाली उनकी पहली बॉलीवुड फिल्म बन गई है।

### अगस्त्य नंदा की फिल्म इक्कीस रिलीज से पहले रचेगी इतिहास

जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज से बॉलीवुड में कदम रखने वाले अगस्त्य नंदा दूसरी फिल्म के साथ तैयार हैं। उनकी आगामी फिल्म का नाम इक्कीस है, जिसे 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिल्म की टीम हाल ही में बॉलीवुड हंगामा ओटीटी इंडिया फेस्ट और इंडिया एंटरटेनमेंट अवार्ड्स 2025 में शामिल हुई। इस खास मौके पर निर्माता दिनेश विजान ने इक्कीस के प्रचार के लिए दिलचस्प योजना का खुलासा किया है।

मैडॉक फिल्म्स के निर्माता दिनेश ने कहा, मैं चाहता हूं कि यह फिल्म आप लोगों के लिए भी उतनी ही मायने रखे, जितनी हमारे लिए। 21 दिसंबर को यानी रिलीज (25 दिसंबर) से 4 दिन पहले, हम 21 अन्य शहरों में होने वाली स्क्रीनिंग के साथ इसे देखने जा रहे हैं। हर जगह से लोग साथ आकर फिल्म देखेंगे। हमने यही फैसला किया है क्योंकि यह कहना आसान है कि यह हमारी अब तक की सबसे बेहतरीन फिल्म है।

## मैं खेलने के लिए तैयार... पैट कमिंस ने वापसी का कर दिया एलान

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने 2025–26 एशेज सीरीज में वापसी का एलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि वह इंग्लैंड के खिलाफ एडिलेड टेस्ट के दौरान वापसी करेंगे। उनकी गैर–मौजूदगी में स्टिव स्मिथ टीम की कमान संभाल रहे हैं। गौरतलब हो कि कमिंस ने आखिरी बार इस साल जुलाई में वेस्टइंडीज दौरे के दौरान टेस्ट मैच खेला था। तब से पीठ की चोट से उबर रहे हैं। एशेज की शुरुआत से ही 32 वर्षीय यह खिलाड़ी धीरे–धीरे गति पकड़ रहा है और अपनी क्षमता के अनुसार गेंदबाजी कर रहा है।



**डे–नाइट टेस्ट में करना चाहते थे वापसी**

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मौजूदा गुलाबी गेंद टेस्ट के लिए जगह बनाने के करीब थे, लेकिन चयनकर्ताओं और टीम प्रबंधन ने जोखिम न उठाने का फैसला किया। कमिंस ने कहा कि वह एक और गेंदबाजी सत्र के बाद एडिलेड जाएंगे और अपनी वापसी की प्रक्रिया जारी रखेंगे।

**'अगर कोई दिक्कत नहीं हुई तो...'**

कमिंस ने कहा, सबसे पहले, हां, मुझे एडिलेड के लिए ठीक होना चाहिए। तो, मैं कल (रविवार) एक और गेंदबाजी करूंगा और फिर हम एडिलेड जाएंगे और वहां एक और गेंदबाजी करेंगे। तो, अगर कोई दिक्कत नहीं हुई, तो मैं खेलने के लिए तैयार हूं। शरीर बहुत अच्छा महसूस कर रहा है।

**17 दिसंबर से होगा तीसरा टेस्ट**

कमिंस की वापसी ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए सही समय पर हुई है। जोश हेजलवुड भी चोट से उबर रहे हैं, जिसका मतलब है कि स्टार्क और स्कॉट बोलैंड इस सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के सबसे अनुभवी गेंदबाज रहे हैं। कमिंस ने 16 एशेज टेस्ट मैचों में 24.10 की औसत से 91 विकेट लिए हैं। एडिलेड टेस्ट 17 दिसंबर से शुरू होगा।

## एक नजर

### राज्य स्तरीय कबड्डी के लिए हुआ अत्रिक्षा का चयन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : बलूनी पब्लिक स्कूल की छात्रा अत्रिक्षा का चयन अंडर-16 की राज्य स्तरीय कबड्डी टीम में चयन हो गया है। अत्रिक्षा के राज्य स्तरीय टीम में चयन होने पर विद्यालय के शिक्षकों व अभिभावकों ने खुशी जताई।

बलूनी ग्रुप आफ एजुकेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर विपिन बलूनी ने कहा कि संस्थान विद्यालय के बच्चों के सर्वांगीण विकास पर निरंतर कार्य कर रहा है। कहा कि विद्यालय में खेलों की बेहतर व्यवस्था होने के कारण छात्रों का राज्य ास्तरीय टीम में चयन हो रहा है, जो कि विद्यालय के गौरव की बात है। अभिलाषा भारद्वाज ने कहा कि अत्रिक्षा की कड़ी मेहनत, समर्पण व स्कूल स्पोर्ट्स एकेडमी के कोच और मेंटर्स के निरंतर मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि आज वह इस मुकाम तक पहुंची है।

### राज्य स्तरीय अंडर-14 वॉलीबॉल प्रतियोगिता 10 से होगी शुरू

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता अंडर-14 (बालक/बालिका) की मेजबानी इस वर्ष जनपद चमोली को प्रदान की गई है। प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 12 दिसम्बर 2025 तक स्पोर्ट्स स्टेडियम गोपेश्वर में किया जाएगा। मुख्य शिक्षा अधिकारी श्रीकांत पुरोहित ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कहा कि प्रतियोगिता को सफल एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में उत्तराखंड राज्य के सभी जनपदों से बालक एवं बालिका वर्ग की टीमें प्रतिभाग करेंगी। प्रतिभागी छात्र-छात्राएं तीन दिनों तक विभिन्न मुकाबलों के माध्यम से अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

### श्रीनगर में राष्ट्रीय सम्मेलन आज


श्रीनगर गढ़वाल : प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से रविवार को विद्यार्थियों में घटते मानवीय मूल्यों को शिक्षा जगत की सबसे बड़ी चुनौती विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। गढ़वाल विश्वविद्यालय के बिड़ला परिसर स्थित एसीएल सभागार में देशभर से शिक्षाविद, प्रोफेसर, शिक्षक एवं सामाजिक कार्यों से जुड़े विशेषज्ञ भाग लेंगे। गढ़वाल निदेशक मेहरचंद ने बताया कि शिक्षा प्रणाली में मूल्यों का क्षरण गंभीर विषय बन चुका है, जिस पर विचार-विमर्श और ठोस कार्ययोजना की आवश्यकता है।

इसी उद्देश्य से यह राष्ट्रीय सम्मेलन नीति-निर्माताओं, शिक्षकों और शोधकर्ताओं को एक मंच पर लाने का प्रयास है। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूरी, गढ़वाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह और केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय देवप्रयाग के निदेशक प्रो. पीवीबी सुब्रमण्यम शामिल रहेंगे। गुजरात, अहमदाबाद से पहुंची डा. ममता शर्मा ने बताया कि यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति की दृष्टि के अनुरूप है और ऐसे शिक्षण दृष्टिकोण की खोज करती है, जो सार्वभौमिक मानवीय मूल्य, आंतरिक विकास तथा आध्यात्मिक समझ को प्रोत्साहित कर सके। (एजेंसी)

### गढ़वाल विवि में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाएं

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह की तिथि घोषित करने, विभिन्न विभागों में आवश्यक फर्नीचर उपलब्ध कराने सहित सात सूत्रीय मांगों को लेकर आर्यन छात्र संगठन ने कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा। छात्रसंघ सचिव अनुरोध पुरोहित ने बताया कि पूर्व में प्रतिवर्ष 1 दिसंबर को दीक्षांत समारोह आयोजित होता था, लेकिन पिछले वर्ष से इसका आयोजन नहीं हो पाया है।

# धर्म से बड़ा जीवन में कुछ भी नहीं : जगदगुरु राजराजेश्वर



महोत्सव के दौरान लोगों को संबोधित करते जगदगुरु राज राजेश्वर महाराज



दूसरे दिन महोत्सव का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते ललितानंद महाराज व महंत दिलीप सिंह रावत

### श्री सिद्धबली महोत्सव के दूसरे दिन बोले जगदगुरु राजराजेश्वर महाराज

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** श्री सिद्धबली महोत्सव के दूसरे दिन जगद्गुरु राज राजेश्वर महाराज ने कहा कि दुनिया में सबसे बड़ा सनातन धर्म है। कहा कि धर्म से बड़ा जीवन में कुछ भी नहीं है। इसलिए हमें अपने धर्म की रक्षा के लिए आगे आना चाहिए। कहा कि मनुष्य का जीवन भगवान के नाम का गुणगान करने के लिए मिला है। उन्होंने अभिभावकों को अपने बच्चों को भी बेहतर संस्कार देने की अपील की।शनिवार को श्री सिद्धबली बाबा वार्षिक अनुष्ठान के दूसरे आयोजित सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का शुभारंभ जगदगुरु राज राजेश्वर महाराज ने किया। उन्होंने कहा कि आज धर्म के नाम पर तरह-तरह की बाते फैलाई जा रही हैं। लेकिन, सच यह है कि सनातन धर्म ही सर्वश्रेष्ठ है। कहा कि जो धर्म से हीन है वह पशु के समान है। मानव शरीर केवल खाने-पीने के लिए नहीं मिला, बल्कि इसका असल उद्देश्य भगवत नाम का गुणगान करना है। कहा कि हमें भगवान के नाम का गुणगान बेहतर स्वर के साथ करना चाहिए। कहा कि जब हमारा आचरण बेहतर होगा तभी हम बेहतर समाज की स्थापना करेंगे। उन्होंने लोगों से धर्म के बताएं मार्ग पर चलने की भी अपील की। कहा कि हमें देश में राम का राज स्थापित करना है तभी देश को भय, भूख व भ्रष्टाचार से मुक्ति मिलेगी। स्वामी ललितानंद महाराज ने कहा कि कोटद्वार भगवान सिद्धबली की भूमि है। इसलिए यहां आने से पहले हर व्यक्ति को अपना घमंड त्यागना होगा। उन्होंने श्रद्धालुओं को श्री सिद्धबली मंदिर के महात्म्य के बारे में बताया। महंत दिलीप सिंह रावत ने कहा कि सिद्धबली बाबा की अपने भक्तों पर विशेष कृपा होती है। यहां आने वाले हर भक्त की कामना भगवान पूरी करते हैं। इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष डा. जेपी ध्यानी, मंदिर समिति के संरक्षक अनिल कंसल, महासचिव विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष उमेश त्रिपाठी, सुमन कोटनाला, प्रमोद रावत आदि मौजूद थे।

### यज्ञ में डाली आहूतियां

श्री सिद्धबली महोत्सव के दूसरे दिन भक्तों ने एकादशीय कुंडीय यज्ञ में आहुतियां डालकर अपने परिवार के लिए सुख शांति की कामना की। पूजन के लिए सुबह से ही मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। वहीं, मंदिर में बाबा के दर्शन के लिए भी सैकड़ों भक्त पहुंचे हुए थे। मंदिर में भक्तों के लिए भंडारें का भी आयोजन किया गया।

### मेले में आज

पिंडी महाभिषेक : प्रातः पांच बजे

एकादशीय कुंडीय यज्ञ का समापन : प्रातः दस बजे

गढ़वाली जागर : प्रातः साढ़े दस बजे

सवामन रोट प्रसाद : पूर्वाह्न 11.30 बजे

हिंदी भजन संध्या : दोपहर एक बजे, भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा देंगे प्रस्तुति

# मंगलेश डंगवाल के गीतों पर झूमे श्रोता



कोटद्वार में चल रहे तीन-दिवसीय श्री सिद्धबली बाबा वार्षिक अनुष्ठान के दूसरे दिन अपनी प्रस्तुति देते मंगलेश डंगवाल



महोत्सव के दौरान उमड़ी श्रोताओं की भीड़

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : श्री सिद्धबली बाबा वार्षिक अनुष्ठान के दूसरे दिन जागर सम्राट मंगलेश डंगवाल के जागरों का जादू देखने को मिला।

श्रद्धालु लोक गायक के गीतों पर झूमते हुए नजर आए। इस दौरान गढ़वाल की संस्कृति पर आधारित विभिन्न झांकियां भी निकाली गई।

शनिवार को जागर संध्या का शुभांरभ मंगलेश डंगवाल ने भगवान गणेश की वंदना से किया। इसके उपरांत उन्होंने 'रक्षा करी सिद्धबली बाबा..', 'शिव कैलाशु रन्दन...', 'जो जस ह्वगी बाबा जी...', 'हे हनुमंत वीरा...', 'शेरावाली हे माता अंबा...', 'मैया तेरी जै जै कार..ह्ल 'शीश नवाओ बाबा सिद्धबली के चरणों में..ह्ल सहित अन्य गीतों की प्रस्तुति दी। इस दौरान गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गई।

वहीं, गढ़वाली प्रस्तुतियों को सुनने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए मंदिर समिति व पुलिस को काफी पसीना बहाना पड़ा। महोत्सव के दौरान नेशनल कैडेट कोर के कैडेट्स जगह-जगह व्यवस्थाओं पर चाक-चौबंद नजर आए। कैडेट्स ने जहां भंडारा स्थल पर पूरी व्यवस्थाएं बनाने में सहयोग दिया, वहीं भजन संध्या के दौरान भी मुस्तैदी से अपने कर्तव्यों का अनुपालन करते नजर आए।

### मोहित, पूजा, विजय व अंकिता दौड़ी सबसे तेज

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : श्री सिद्धबली बाबा वार्षिक अनुष्ठान के शुभारंभ अवसर पर बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित मैराथन में मोहित, पूजा, विजय व अंकिता अपने-अपने वर्गों में प्रथम स्थान पर रहे। मैराथन पूरी करने वाली आठ वर्षीय नैंसी रावत व सात वर्षीय विदिश नौटियाल को विशेष पुरस्कार दिया गया।

मंदिर के प्रवेश द्वार से प्रातः आठ बजे से मैराथन आयोजित हुई। मंदिर परिसर से झंडाचौक और झंडाचौक से पुनः मंदिर परिसर तक हुई इस मैराथन के ओपन बालक वर्ग में मोहित, अनुज नेगी व पंकज कुमार क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। जबकि बालिका वर्ग में पूजा प्रथम, काजल द्वितीय व दीक्षा धस्माना तृतीय रही। अंडर-16 बालक वर्ग में विजय प्रथम, रोहित द्वितीय, अभिषेक तृतीय रहे, जबकि बालिका वर्ग में अंकिता रावत, साक्षी सुनहरा व निकिता क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। सनातन संस्कृति पर आधारित परीक्षा में होलीफेथ पब्लिक स्कूल की ज्योति रावत प्रथम, आरआर मोरारका पब्लिक स्कूल की अनन्या शुक्ला ने द्वितीय और ब्लूमिंग वैल पब्लिक स्कूल की अक्षिता को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। क्विज में डीएवी पब्लिक स्कूल के पिंगाक्ष समूह ने प्रथम, जेपी इंटर कालेज के अंजनीपुत्र समूह ने द्वितीय और राइंका बल्ली के वायुपुत्र समूह ने तृतीय स्थान पाया।

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया स्कूल का वार्षिकोत्सव

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : सेंट जेम्स स्कूल के वार्षिकोत्सव और क्रिसमस सेलीब्रेशन का प्रेक्षागृह में आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल के नौनिहालों ने लोकगीत, लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की वाहवाही बटोरी। इस मौके पर मुख्य अतिथि पास्टर हरीश ने कहा कि पाठशाला नौनिहालों को उत्तम शैक्षणिक माहौल के साथ-साथ सुंस्कार प्रदान करती है।

उन्होंने नौनिहालों के सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की जमकर सराहना की। प्रधानाचार्य अनीता रावत ने कहा कि नौनिहाल कच्चे घड़े की भांति होती है। जिन्हें विद्यालय अच्छे, सच्चे व संस्कारवान नागरिक के रुप में गढ़ते हैं। यही नौनिहाल आगे चलकर देश के विकास में अपनी-अपनी विधा से अहम योगदान देते हैं।

शनिवार को आयोजित स्कूल के वार्षिकोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि पास्टर हरीश कुमार, विशिष्ट अतिथि हिल्स इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य अनीता रावत ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कक्षा तीन के बच्चों ने वंदना से की। इसके बाद विभिन्न कक्षाओं के बच्चों ने ह्वट आई केन डू, चले जैसे हवाएं, तारक मेहता का उल्टा चश्मा, रेट्रो सांग, एक बट्टा दो, तुझमें रब दिखता है, आरंभ है प्रचंड, आईएम हैप्पी, गढ़वाली नृत्य, ब्राजील सांग, होरर कॉमेडी गीत, वंदे मातरम, ढाई हाथे धौंपेली की शानदार प्रस्ततियों पर वाहवाही बटोरी। स्कूल प्रधानाध्यापिका मधुबाला नेगी ने स्कूल की स्थापना, उद्देश्य, वार्षिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर अनिल डेविड मैसी, प्रिया, लक्ष्मी रावत, श्वेता लाल, पूनम, किरन, प्रिया, संगीता, बीना, ममता, सरिता, अंजलि, सुमन रुडोला, रीटा, दर्शिका, श्वेता राणा आदि मौजूद रहे। संचालन अदिति धूलिया व अर्नव ने किया।

# ककोला में गुलदार की दहशत, लगाया पिंजरा

रुद्रप्रयाग : भीरी-परकंडी मोटर मार्ग पर ककोला गांव के पास सड़क पर दिन दहाड़े गुलदार के घूमने का वीडिया वायरल होने के बाद वन विभाग सर्तक हुआ और शनिवार को क्षेत्र में पिंजरा लगाया गया।

ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते हुए वन विभाग ने ककोला के पास पिंजरा लगाया है। बीते दिन भीरी-परकंडी मोटर मार्ग पर ककोला गांव के पास सड़क पर एक गुलदार का घूमने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। एक कार से गुजर रहे व्यक्ति द्वारा यह वीडियो बनाया गया। इसके बाद शनिवार को वन विभाग की टीम ने ककोला के पास ग्रामीणों की मांग पर पिंजरा लगा दिया है ताकि गुलदार को पकड़ा जा सके। सामाजिक कार्यकर्ता राजेश नेगी ने बताया कि इन दिनों पहाड़ के अनेक गांवों में गुलदार और भालू की दहशत है।

हर कोई डर एवं सहमा है। ऐसे में गुलदार और भालू को दूर भगाने के लिए वन विभाग को उन्हें पिंजरे में कैद करना ही होगा।

साथ ही ग्रामीणों की सुरक्षा के इंतजाम करने होगें। इधर, वन विभाग के एसडीओ देवेंद्र पुंडीर ने बताया कि ग्रामीणों की मांग पर ककोला क्षेत्र में पिंजरा लगाया गया है ताकि गुलदार को पकड़ा जा सके। (एजेंसी)

### कल्जीखाल में बहुउद्देशीय शिविर आज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : माननीय जिला जज/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पौड़ी गढ़वाल की अध्यक्षता में रविवार 7 दिसम्बर को विकासखंड कल्जीखाल में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सिविल जज सीनियर डिविजन श्रीमती नाजिश कलीम ने बताया कि इस बहुउद्देशीय शिविर में शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यान विभाग, राजस्व विभाग, श्रम विभाग, उद्योग विभाग, पंचायत राज विभाग, जिला विकास विभाग, जिला पूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग, स्वजल विभाग, विद्युत विभाग, खाद्य पूर्ति विभाग, जल संस्थान एवं अक्षय ऊर्जा विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारी योजनाओं की जानकारी देगें। शिविर में शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित फॉर्म भरवाएं जायेगें।

# भाजपा बाबा साहेब के सपनों को कर रही पूरा



**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर दुर्गापुरी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा पदाधिकारियों ने लोगों को बाबा साहेब के योगदान के बारे में बताया। कहा कि भाजपा बाबा साहेब के सपनों को पूरा करने का कार्य कर रही है।

दुर्गापुरी स्थित अंबेडकर स्मृति स्थल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि ह्लसंविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर ने अपने विचारों व संघर्ष के माध्यम से भारतीय समाज को समता और अधिकारों के नए युग की ओर अग्रसर किया। संविधान निर्माण में उनके योगदान ने भारत को एक मजबूत लोकतांत्रिक पहचान प्रदान की। समाजिक न्याय के लिए निर्णायक संघर्ष करते हुए उन्होंने सामाजिक विकास की मुख्यधारा से उपेक्षित, शोषित वंचित वर्ग को सामाजिक बराबरी और समानता दिलाने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनहित की योजनाओं से सामाजिक और आर्थिक समानता लाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मोहन सिंह नेगी, जिला महामंत्री सुरेंद्र आर्य, आशीष रावत, अनुसूचित जाति मोर्चा की जिला महामंत्री हंसलता, पार्षद सौरभ नौटियाल, रजनीश बेबनी, अमित नेगी, मनमोहन सिंह, विवेक भारती, भूपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# लैंसडौन से मोबाइल हॉस्पिटल जल्द होगा शुरू : ब्रिगेडियर नेगी

### पूर्व सैनिक, वीर नारियों और आश्रितों को किया सम्मानित



**जयन्त प्रतिनिधि। लैंसडौन :** गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंट केंद्र, लैंसडाउन द्वारा शनिवार को कोटद्वार स्थित विक्टोरिया क्रॉस गबर सिंह कैंप में पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और आश्रितों के लिए एक व्यापक कल्याण रैली का सफल आयोजन किया गया। इस सफल और व्यापक आयोजन ने एक बार फिर गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंट केंद्र की पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को मजबूत किया। इस अवसर पर 1965, 1971, 1999 और अन्य सैन्य अभियानों में राष्ट्र के लिए अमूल्य योगदान देने वाले विशिष्ट पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके आश्रितों को सम्मानित किया गया। यह आयोजन गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंट केंद्र, लैंसडौन के कमांडेंट, ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी, विशिष्ट सेवा मेडल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। रैली का मुख्य उद्देश्य भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निराकरण करना था। रैली को संबोधित करते हुए कमांडेंट ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी ने गौरवशाली भारतीय सेना के सदस्य के रूप में भूतपूर्व सैनिकों के बलिदान को नमन किया। उन्होंने पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया कि लैंसडौन से मोबाइल हॉस्पिटल कुछ ही दिनों में शुरू किया जाएगा। उन्होंने सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। पूर्व सैनिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए गढ़वाल राइफल्स अभिलेख कार्यालय, बी.ई.जी. रिकाडर्स रूड़की, सेना चिकित्सा कोर, सेना भर्ती कार्यालय, सेना भर्ती पुनर्वास कार्यालय, ईसीएचएस कार्यालय कोटद्वार, स्पर्श, भुल्ली सशक्तिकरण, वार मेमोरियल बॉयज एंड गर्ल्स हास्टल, देहरादून जैसे सैन्य विभागों के अलावा राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास विभाग, पशुपालन विभाग, पर्यटन विभाग और बैंकों सहित आदि स्टॉल लगाए गए, जिसमें भारी संख्या में पूर्व सैनिकों, वीर नारियों व आश्रितों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

# राइंकॉ खैरासैण की छात्राएं सीख रहीं आत्मरक्षा के गुर



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : भारत सरकार द्वारा संचालित रानी लक्ष्मीबाई बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत द्वारीखाल ब्लॉक के राजकीय इंटर कॉलेज खैरासैण में छात्राओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकियों का अभ्यास करवाया जा रहा है।

प्रशिक्षक सुमन ने कहा कि छात्राएं उत्साह पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य शशि मोहन ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित इस प्रकार की योजनाएं बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिये अति महत्वपूर्ण है। कहा कि छात्राओं को विशेष आत्मरक्षा के गुर सिखाए जा रहे हैं, ताकि वह खुद की सुरक्षा के लिए तैयार हो सकें। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. विजेन्द्र सिंह ने कहा कि बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण बालिकाओं के बौद्धिक, मानसिक, शारीरिक, विकास के लिये अत्यंत उपयोगी है। शिक्षा के साथ-साथ छात्राओं को आत्मरक्षा में परिपूर्ण बनाना शिक्षा का व्यापक उद्देश्य में शामिल हैं।

# अंबेडकर के सिद्धांतों को जीवन में अपनाएं

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विश्वविद्यालय के डॉ. अंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस पर शनिवार को एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डीन, नियुक्ति एवं पदोन्नति प्रो. मोहन सिंह पंवार ने डॉ. अंबेडकर को भारतीय संविधान का शिल्पकार बताते हुए उनके द्वारा सामाजिक न्याय, समानता और संवैधानिक मूल्यों को स्थापित करने के लिए किए गए संघर्षों का उल्लेख किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. ममता आर्य ने डॉ. अंबेडकर के महिला सशक्तिकरण में दिए गए ऐतिहासिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। डीएसीई केंद्र के समन्वयक प्रो. एमएम. सेमवाल ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन-संदेश शिक्षित बनो, संगठित हो और संघर्ष करो आज भी समाज के हर वर्ग के लिए मार्गदर्शक है। कहा कि बाबा साहेब किसी दल के नहीं बल्कि राष्ट्रीय धरोहर है। इस मौके पर विश्वविद्यालय के अन्य संकाय सदस्य डॉ. किरण नौटियाल, डॉ. राम साहू, डॉ. प्रकाश सिंह, डॉ. रोहित महर, डॉ अरविंद सिंह आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### शुरू हुआ हाईवे पर गड्ढे भरने का कार्य

श्रीनगर गढ़वाल : नगर क्षेत्र के पराग डेयरी से लेकर चुंगी तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने गड्ढों को भरने का कार्य शुरू हो गया है। निगम के वार्ड 29 पार्षद पूजा किमोठी ने एनएच विभाग की कार्रवाई पर आभार व्यक्त किया है। विदित हो कि बीते सोमवार को पार्षद किमोठी ने इस संबंध में एनएच विभाग को पत्र भेज शीघ्र कार्यवाही की मांग की थी। बताया कि पौड़ी-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के इस हिस्से में जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिससे प्रतिदिन वाहन चालकों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। अब पैच वर्क शुरू होने के बाद स्थानीय लोगों के साथ वाहन चालकों को भी राहत मिलेगी। (एजेंसी)

# भालू, गुलदार का खतरा, स्कूल पंचायत भवन में स्थानांतरित



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : विकासखंड कल्जीखाल में गुलदार की बढ़ती सिक्रयता के कारण राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डांगी को पंचायत भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है। बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए यह कदम उठाया गया है।

ज्ञात हो कि राउमा विद्यालय डांगी के छात्र-छात्राएं भालू और गुलदार की सक्रियता से कई दिन स्कूल नहीं जा पाये। विद्यालय क्षेत्र में निरंतर गुलदार और भालू की सक्रियता के चलते विगत 29 नवंबर को अभिभावक शिक्षक संघ की बैठक में बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए फिलहाल बोर्ड परीक्षाओं तक विद्यालय पंचायत भवन में संचालित करने पर सभी अभिभावकों की सहमति बनी। शनिवार को पीटीए अध्यक्ष दिनेश सिंह, एसएमसी अध्यक्ष भगवान सिंह चौहान, समाजिक कार्यकर्ता जगमोहन डांगी, सुरेन्द्र सिंह, रोशनी देवी की मौजूदगी में विद्यालय पंचायत भवन में संचालित होने पर सहमति बनाई गई। प्रभारी प्रधानाचार्य श्रीमती नीलम रावत ने बताया कि विद्यालय छोड़ना घर छोड़ने के बराबर है, लेकिन बच्चों की सुरक्षा पहले है। बच्चों की सुरक्षा दृष्टि को देखते यह निर्णय लिया गया। उन्होंने ग्राम पंचायत डांगी के सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने पंचायत भवन साफ सुथरा कर हमको सौंपा है। इस अवसर पर शीतल भट्ट सहित अन्य शिक्षिकाएं मौजूद रही।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम कमल किशोर भट्ट (Kamal Kishor Bhatt) दर्ज हो गया है, जबकि मेरे आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम कमल किशोर (Kamal Kishor) दर्ज है। कमल किशोर भट्ट (Kamal Kishor Bhatt) व कमल किशोर (Kamal Kishor) एक ही व्यक्ति के नाम है, जो कि मेरे नाम है। मेरे सर्विस अभिलेखों में मेरा सही नाम कमल किशोर (Kamal Kishor) लिखा-पढ़ा व दर्ज किया जाय।

**सर्विस नंबर- 880180844 उप-निरीक्षक जीडी कमल किशोर पुत्र श्री मुरलीधर भट्ट निवासी ग्राम भेटी, पोस्ट रौडखाल, तहसील पौड़ी, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(1528/21)

## संक्षिप्त समाचार

### मंत्री ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : बूंखाल मेले में में शनिवार को विशाल भंडारे का भी आयोजन हुआ। हर साल यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया जाता है। शनिवार को कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित भी किया। मंदिर में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई थी। कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

### सिख समाज ने हरक सिंह रावत के खिलाफ किया प्रदर्शन

देहरादून। सिख समाज द्वारा चढ़दीकला वालंटियर्स संगठन के बैनर तले वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत के खिलाफ प्रदर्शन किया। आरोप है कि उन्होंने सिख कौम के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की। शनिवार को घण्टाघर पर हरक सिंह रावत का पुतला दहन किया गया। उत्तराखंड सिख विकास परिषद के अध्यक्ष बलजीत सिंह सोनी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा 84 सिख कत्लेआम अभी सिख भूले नहीं है और ये कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के ऐसे बयान कांग्रेस की सिख विरोधी मानसिकता को दर्शाते हैं। पार्षद व अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य संतोख सिंह नागपाल ने कहा कि आज बहुत ही चिंताजनक और अत्यंत ही दुखद विषय है। एक तरफ तो हम श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 350 साल शहीदी पर्व को मना रहे हैं जिन्होंने देश धर्म की रक्षा करके अपना शीश दिया पर हरक सिंह ने आपत्तिजनक बयान दिया। पूर्व पार्षद मोंटी कोहली ने कहा कि जब अहमद शाह अबदाली हिन्दू बहु बेटियों को उठा कर ले जाता था तो सिख कौम के जाबांज रात 12 बजे मुगलों पर आक्रमण करके उन्हें बचाते थे। प्रदर्शनकारियों में उत्तराखंड सिख विकास परिषद के अध्यक्ष बलजीत सिंह सोनी, संतोख सिंह नागपाल, पूर्व पार्षद देवेन्द्र पाल मोंटी ,गुरजिंदर आनंद, रविन्द्र आनंद, गुरदीप कौर,परमजीत सिंह ,मनप्रीत सिंह,गुरप्रीत जॉली,संजीव विज, गुरदीप कौर हरजीत सिंह ,गगन सेठी, रौनक कोहली, मन्नी अरोड़ा, संजीव विज, देवेंदर पाल सिंह, वीरेंदर पाल सिंह, तरविंदर सिंह,हरमीत सेठी, इंदरजीत भाटिया, बजरंगदल संयोजक विकास वर्मा, गुरप्रीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

### कार पर फायरिंग मामले में फारार आरोपी गिरफ्तार

देहरादून। मातावाला बाग में फायरिंग की घटना में शामिल दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से दो देसी तमंचे, कारतूस बरामद हुए हैं। आरोपियों के खिलाफ पूर्व में कई मुकदमे दर्ज हैं। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि शुक्रवार को पटेलनगर पुलिस ने 02 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया था। उनके फ्लैट की तलाश में दो अवैध देसी तमंचे और 06 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वो पिल्ला गैंग के सदस्य हैं। उन्होंने अक्तूबर में मातावाला बाग में एक चलती कार पर फायरिंग की थी। सीसीटीवी कैमरों में दोनों फायरिंग करते हुए दिख रहे थे। गनीमत थी कि तब गोली किसी को लगी नहीं लगी थी। इस मामले में भी उनके खिलाफ पटेलनगर थाने में मुकदमा दर्ज है। आरोपियों की पहचान उद्धमसिंह सैनी पुत्र अनिल सैनी निवासी कनखल हरिद्वार और भानू गोयल पुत्र संजय कुमार गोयल निवासी गंगनहर रुड़की हरिद्वार के रूप में हुई। एसएसपी ने बताया कि भानू पर पूर्व में छह और उद्धमसिंह पर पूर्व में दो मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी पिल्ला गैंग के सदस्य हैं।

### बाल गीतों की पुस्तक घुघूति बासूति का लोकार्पण

देहरादून। दून पुस्तकालय एवं शोध केंद्र की ओर से केंद्र की सभागार में युवा रचनाकार हेम पंत की ओर से संकलित परंपरागत बाल गीतों की पुस्तक घुघूति बासूति के पांचवें संस्करण का लोकार्पण किया गया। किताब का लोकार्पण पद्मश्री बसंती बिष्ट, जनकवि डॉ. अतुल शर्मा, डॉ. कमला पंत, विजय भट्ट और हिमांशु कफल्टिया की ओर से किया गया। इस मौके पर बचपन, बालगीत और संस्मरण विषय पर सार्थक चर्चा भी आयोजित की गई। पद्मश्री बसंती बिष्ट ने अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए कहा कि उत्तराखंड में ऐसे अनेक गीत रहे हैं, जिनसे बच्चों का मनोरंजन होता था, साथ ही उन्हें भाषा सीखने का अवसर भी मिलता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को बाल गीत सुनाने पर वे भी उन गीतों को दोहराने लगते हैं और इस प्रकार बच्चे भाषा को जल्दी सीख जाते हैं।

# श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पौड़ी विभाग के विभाग कार्यवाह संजय पाल सिंह रावत के आकस्मिक निधन पर मेहरवान सिंह कण्डारी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कोलेज में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई श्री संजय जी सॉन्ग शताब्दी वर्ष की निमित्त गृह संपर्क अभियान के तहत जिले में प्रवास कर रहे थे सड़क दुर्घटना में उनका आकस्मिक निधन हो गया। संजय बाल निकल से ही स्वयंसेवक थे उन्होंने संघ के अनेक दायित्वों का निर्वहन किया । वर्तमान में वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक सेवक संघ के पौड़ी विभाग कार्यवाह के दायित्व का निर्वाहन कर रहे थे । जिले में संघ के कार्य को गति देने का कार्य में लगे थे। उन्होंने समाज कार्य राष्ट्र कार्य में अपने इस अल्प जीवन काल में जो सहयोग प्रदान किया ।उनके कार्यों को याद करते हुये उन्हें विन्रम श्रद्धांजलि अर्पित



की गई । श्रद्धांजलि सभा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त प्रचारक डॉ शैलेन्द्र, विभाग प्रचारक राहुल ,जिला प्रचारक कमल , सह कार्यवाह चंदन, जिला संघ चालक बिष्णु, नगर संघ चालक डॉ वींएस रावत ,विभाग प्रचार प्रमुख जितेंद्र रावत, जिला प्रचार प्रमुख अरविन्द दुदपुड़ी , प्रदीप गुसाई, खेम सिंह, मणीराम, हरीश, निर्मल ,योगेश नेगी तथा उत्तराखंड विधान सभा अध्यक्षा रितु खंडूडी भूषण तथा भाजपा के पदाधिकारी व संघ के अनुषंगिक संगठनों के तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा का संचालन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला कार्यवाह संदीप ने किया।

# कालिंका मेले में प्रशासन की पहल, शटल सेवा से यातायात रहा पूरी तरह नियंत्रित

### जिला प्रशासन की पहल से शुरू हुई शटल सेवा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : प्रसिद्ध बूंखाल कालिंका मेले का शुक्रवार को विकासखंड थलीसैंण क्षेत्र में भव्य आयोजन हुआ। भक्तों ने बूंखाल कालिंका मंदिर में पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामनाएं की। प्रशासन द्वारा की गयी सुचारु व्यवस्थाओं की श्रद्धालुओं ने व्यापक सराहना की।

बूंखाल कालिंका मेले के दौरान बढ़ते ट्रैफिक दबाव और जाम की समस्या को देखते हुए जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया द्वारा एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी पहल की गयी है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुचारू यातायात प्रबंधन हेतु जिला प्रशासन ने शटल सेवा की शुरुआत की है, जिससे संपूर्ण व्यवस्था पहले की तुलना में अधिक व्यवस्थित और सहज



हो गयी है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित अंतर विभागीय बैठक में चोपड़ा से बूंखाल मंदिर तक शटल सेवा हेतु विस्तृत रूपरेखा बनाई गई थी। करीब 40 वाहनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचाया गया। एक तरफ का किराया 25 रुपए रखा गया, जिससे लोगों को किफायती व सुगम परिवहन उपलब्ध हुआ। शटल सेवा के चलते पूरे मार्ग पर जाम की स्थिति नहीं बनी। श्रद्धालु प्रीतम सिंह नेगी, भोपाल सिंह रावत और सुमन सिंह सहित अन्य ने इसे प्रशासन की महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि इससे भक्तों को बड़ी सुविधा मिली। उन्होंने कहा कि शटल सेवा होने से जाम की स्थिति भी नहीं बनी रही।

### भविष्य में जारी रहेगी शटल सेवा

संयुक्त मजिस्ट्रेट दीक्षिता जोशी ने बताया कि यह पहल मेले की भीड़ को व्यवस्थित करने तथा सुरक्षा सुनिश्चित करने में अत्यंत सहायक सिद्ध हो रही है। एआरटीओ मंगल सिंह ने बताया कि शटल सेवा के कारण यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रही और श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के मंदिर तक पहुंच सके। कहा कि भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के लिए शटल सेवा जारी रखी जाएगी।

# विद्यालय भूमि पर हो रहे निर्माण का छात्रों ने किया विरोध

नई टिहरी। राजकीय कीर्ति इंटर कॉलेज के अभिभावक संघ और छात्र–छात्राओं ने विद्यालय के हॉस्टल के स्थान पर जिला प्राथमिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय निर्माण का विरोध किया है। इसके साथ ही उनका कहना है कि विद्यालय की 660 वर्ग भूमि को स्वास्थ्य विभाग को 50 बेड के अस्पताल निर्माण के लिए हस्तांतरित की गई लेकिन अब इसके स्थान पर वहां पर आवासीय भवनों का निर्माण किया जा रहा है। जो कि भूमि हस्तांतरण का विधिक उल्लंघन है। शनिवार को राजकीय कीर्ति इंटर कॉलेज की छात्र–छात्राएं जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। वहां पर उन्होंने जिलाधिकारी को प्रेषित ज्ञापन में कहा कि उनके विद्यालय की भूमि का दुरुपयोग किया जा रहा है। वर्षों पुराने छात्रावास की भूमि का जिला शिक्षा अधिकारी प्राथमिक को हस्तांतरित किया गया है। यह छात्र–छात्राओं के अधिकारों के साथ उल्लंघन है। उनका कहना है कि विद्यालय में जनपद के भटवाड़ी, मोरी, चिन्यालीसौड़, धौंतरी आदि दूरस्थ स्थानों से छात्र पढ़ते हैं। इनके लिए लंबे समय से मांग की जा रही है इस छात्रावास का पुनर्निमाण कर इसका लाभ छात्र–छात्राओं को दिया जाए। क्योंकि कई बच्चों को किराए के भवनों में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। इससे उन पर आर्थिक बोझ भी पढ़ता है लेकिन विभाग की ओर से छात्रहितों को दरकिनार करते हुए वहां पर कार्यालय भवन का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही विद्यालय की भूमि को पचास बेड के अस्पताल के लिए हस्तांतरित किया गया ।

### गोपेश्वर में वन्यजीवों के हमलों के विरोध में प्रदर्शन

चमोली : गोपेश्वर में शनिवार को हिंसक वन्यजीवों के लगातार हमलों से नाराज ग्रामीणों ने जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों, महिलाओं, वन सरपंच संगठन के पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मांग की कि वन्यजीव हमलों पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कहा कि वन्य प्राणियों के हमले में किसी व्यक्ति की मौत होने पर मृतक आश्रितों को 35 लाख रूपये का मुआवजा दिया जाए। उन्होंने बताया कि कई बार वन अधिकारियों से समाधान के लिए गुहार लगाई गई, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। चमोली जिले के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण प्रदर्शन में शामिल हुए। वन सरपंच संगठन के कैलाश खंडूरी ने कहा कि वन पंचायतों और सरपंचों की समस्याओं पर विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि वन्यजीव हमलों पर रोक और मुआवजे की व्यवस्था नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। (एजेंसी)

# वन्य जीवों से बचाव के सिखाए गुर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : प्रखंड रिखणीखाल के अंतर्गत कालागढ़ टाइगर रिजर्व फारेस्ट की अदनाला रेंज के समीप ग्राम कुमाल्डी में वन्य सुरक्षा को लेकर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में ग्रामीणों को जंगली जानवरों से सुरक्षा के गुर सिखाए गए।

वन्य जीवों से रोकथाम के लिए हुई गोष्ठी में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। ग्रामीणों को क्षेत्र में अवांछनीय खरपतवार के उन्मूलन के बारे में बताया गया।

कहा कि जंगली जनवर आबादी में न पहुंचे इसके लिए अपने घर के आसपास झाड़ी न उगने दें। आबादी में जंगली जानवरों की धमक होने पर इसकी सूचना तुरंत वन विभाग को दें। गांव में बच्चों व




बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। बैठक में ग्रामीणों ने वन विभाग से तारजाल में फेंसिंग लगाने की मांग उठाई। कहा कि आए दिन जंगली जानवर आबादी में पहुंचकर फसल को नुकसान पहुंचा देते हैं। इस मौके पर दर्शन सिंह नेगी, महेंद्र सिंह, सोनम बिष्ट, गुड्डी देवी, सरोजनी देवी, अशोक गौड़, अनिल सिंह, संदीप आदि मौजूद रहे।

# कंडोलिया मैदान में खिलाड़ियों को मिलेगी बेहतरीन सुविधा : डीएम

### डीएम स्वाति एस. भदौरिया ने किया निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कण्डोलिया मैदान, पुस्तकालय व पूल्ड हाउस के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश दिये हैं।

कण्डोलिया मैदान के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य गेट की वास्तविक पहाड़ी पत्थरों से क्लेडिंग, उभरी नक्काशी और उचित लाइटिंग को अनिवार्य रूप से शामिल करने को कहा। उन्होंने गेट के साथ ही एक सुव्यवस्थित गार्ड रूम तैयार करने के निर्देश दिए। मैदान की जल निकासी व्यवस्था में सुधार को लेकर उन्होंने लोनिवि के अधिकारियों को यू-टाइप नाली की चौड़ाई इतनी रखने को कहा कि वर्षा का पानी प्रभावी रूप से बाहर निकल सके और मैदान का पूरा क्षेत्र खेल गतिविधियों के लिए उपयोग हो सके। डीएम ने दर्शकदीर्घा की ओर से आने वाले बरसाती पानी को नियंत्रित करने हेतु पुख्ता प्रबंधन करने के भी निर्देश दिए। मैदान के समतलीकरण पर विशेष ध्यान देते हुए जिलाधिकारी ने लोनिवि प्रांतीय खंड के



अधिकारियों को निर्देश दिए कि मिट्टी में पत्थर या कंकड़ बिल्कुल न हों, ताकि फुटबॉल जैसे उच्च जोखिम वाले खेलों में खिलाड़ियों को अधिक सुरक्षा और सुविधा मिल सके। शाम एवं रात्रिकालीन गतिविधियों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए हाई-मास्ट लाइट लगाने हेतु खेल विभाग को उचित स्थान चिह्नित करने को कहा। उन्होंने मैदान की निचली दीवारों पर आकर्षक स्पोर्ट्स पेंटिंग व दर्शकदीर्घा की रेलिंग बनवाने के साथ पवेलियन के कमरों और शौचालय को साफ-सुथरा रखने व शौचालयों में प्राथमिकता के आधार पर जलापूर्ति सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राम सलोने, सहायक अभियंता लोनिवि निर्माण खंड अंकिता सक्सेना, सहायक अभियंता लोनिवि प्रांतीय खंड सुरेश पाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिला पुस्तकालय बन रहा हाई–टैक

जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने पुस्तकालय का स्थलीय निरीक्षण कर रिनोवेशन/मरम्मत कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सिविल कार्यों के साथ-साथ डिकोर के सभी घटक-बुकशेल्फ, अलमारियाँ, रैक आदि भी साथ-साथ तैयार करें।

डीएम ने पुस्तकालय के छत पर क्लॉक टॉवर के लिए घड़ी का ऑर्डर तत्काल दिए जाने के निर्देश दिए। मुख्य शिक्षाधिकारी को पुस्तकों की कैटलॉगिंग हेतु टीम गठित करने तथा विषयवार सूची को न केवल कंप्यूटर/रजिस्टर में, बल्कि अलमारियों व रैक्स पर भी स्पष्ट रूप से दर्शाने को कहा।

जिलाधिकारी ने पुस्तकालय के छत के चारों कोनों में डेकोरेटिव लैंप/लाइट लगाने, फ्लोर पर लेमिनेटेड वुड का उपयोग करने, प्रत्येक फ्लोर पर महिला-पुरुष के लिए पृथक शौचालय बनाने के निर्देश दिए।

### पूल्ड हाउस के निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करें लोनिवि

पूल्ड हाउस के निर्माणाधीन टाइप-3 आवासों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने निर्माण कार्य की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त की और लोनिवि को श्रमबल बढ़ाकर कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पूल्ड हाउस में रहने वाले कार्मिकों की सुविधा हेतु शिकायत कक्ष को प्रभावी ढंग से संचालित करने को कहा, ताकि कोई भी कार्मिक आवास से जुड़ी शिकायत आसानी से दर्ज करा सके। उन्होंने पूल्ड हाउस के मरम्मत कार्यों की निगरानी हेतु गठित टीम को बीच-बीच में निरीक्षण करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने पूल्ड हाउस क्षेत्र में उगी झाड़ियों की कटान, झुके हुए पेड़ो के कटान की नियमानुसार कार्यवाही तथा त्रिशुल पार्क के पास स्थित जर्जर पार्क को दुरुस्त कराने हेतु नगर पालिका व लोनिवि अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

# हर्षिल क्षेत्र में देवदार पेड़ों को बचाने की मुहिम फिर हुई शुरू

नई टिहरी। हर्षिल क्षेत्र के ईको सेंसेटिव जोन में देवदार पेड़ों को बचाने की मुहिम फिर से शुरू हो गई है। इसके लिए हिमालय है तो हम हैं यात्रा दल के लोग ऋषिकेश से आलवेदर रोड का अध्ययन करते हुए चंबा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लोगों से आल वेदर रोड के फायदे और नुकसान पर चर्चा भी की।

हिमालय है तो हम हैं अभियान के अंतर्गत पर्यावरण प्रेमी वैज्ञानिक और विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों का एक यात्रा दल ऋषिकेश से होते हुए चंबा में पहुंचा।

आयोजन समिति के आयुष जोशी ने यात्रा के उद्देश्य बताते हुए कहा कि विश्वभर के वैज्ञानिकों, अनुभवी प्रशासकों और हिमालय क्षेत्र के प्रतिनिधियों से हिमालय के पर्यावरण की बिगड़ती परिस्थितियों पर विस्तृत चर्चा की गई। उच्च हिमालयी क्षेत्र में मां गंगा के उद्गम भागीरथी घाटी की संवदेनशीलता को देखते हुए इको सेंसेटिव जोन में स्थित देवदार के पेड़ों के संरक्षण के लिए तात्कालिक कदम उठाए जाने पर सहमति बनी। भागीरथी घाटी में स्थित हर्षिल में ऑल वेदर रोड के लिए देवदार के छह हजार से अधिक पेड़ काटे जाने हैं जिनको बचाया जाना बहुत जरूरी है। ऐसे में पेड़ों को बचाने के लिए आज रविवार को हर्षिल क्षेत्र में वन संकुल का पूजन और वृक्षों को रक्षा सूत्र बांध कर राष्ट्रीय स्तर पर इसके प्रति संवेदनशीलता का वातावरण बनाया जाएगा।

उन्होंने पूर्व में धराली में आई आपदा का जिक्र करते हुए कहा कि धराली में देवदार के पेड़ इस भयंकर तबाही को रोकने या काफी हद तक सीमित कर सकते थे। सदियों तक देवदार के वृक्ष धराली के निवासियों के लिए मजबूत सुरक्षा ढाल बनकर खड़े रहे लेकिन बीते कई दशकों में इस इलाके में देवदार और अन्य जंगलों की कटाई ने इस ढाल को ही निढाल कर दिया।

पुनीत सूद ने बताया कि दो दिवसीय यात्रा में हिमालयी घाटी का अध्ययन भी किया जाएगा। हिमालय और पर्यावरण को बचाने के लिए पेड़ों को बचाना होगा। इस मौके पर आरएसएस के पर्यावरण गतिविधि राष्ट्रीय संयोजक गोपाल आर्य, प्रांत सह संयोजक चंदन, विभाग संयोजक पूर्ण सिंह रावत, चारधाम परियोजना के लिए हाई पावर कमेटी के सदस्य और पर्यावरणविद् हेमंत ध्यानी आदि मौजूद रहे।

### थौलधार महोत्सव का आयोजन जनवरी में करने पर हुई चर्चा

नई टिहरी। थौलधार महोत्सव की तैयारियों की रूपरेखा तैयार को लेकर महोत्सव समिति के सदस्यों ने बैठक की। बैठक में 7 से 11 जनवरी तक महोत्सव का आयोजन करने पर चर्चा की गई। महोत्सव के संरक्षक जोत सिंह बिष्ट ने बताया कि बैठक का उद्देश्य महोत्सव की आगामी रूपरेखा तय करने पर चर्चा करना था। इस दौरान सदस्यों और प्रतिभागियों ने सुझाव दिए जिसमें स्थानीय संस्कृति, समाज में विलुप्त हो रहे रीति–रिवाज, पहाड़ की पारंपरिक व ऐतिहासिक धरोहरों, पहाड़ों से हो रहे पलायनो जैसे विषयों को कार्यक्रमों में शामिल करने का सुझाव दिया। साथ ही पहाड़ी व्यंजनों, खेलों को भी कार्यक्रमों में शामिल करने की बात कही। उन्होंने बताया कि 11 दिसंबर को महोत्सव की रूप रेखा को अंतिम रूप देने के लिए थौलधार के ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत सदस्यों, राजनैतिक दलों, समाजिक कार्यकर्ताओं की बैठक की जाएगी। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख सुरेंद्र सिंह भंडारी, कार्यक्रम संयोजक ललित प्रसाद खंडूड़ी, सचिव आलोक जुयाल, युद्धवीर रावत, ऋषि भट्ट, राजेंद्र जुयाल, अनिल बधानी, राम सिंह राणा, चमन गुसाईं, बुद्धि सिंह गुसाईं, सोबत पंवार मौजूद थे।

# रॉयल स्ट्राइकर, सचिवालय ए, वॉरियर्स और पैंथर जीते

देहरादून। सचिवालय क्रिकेट क्लब के मोनाल कप में शनिवार को सचिवालय रॉयल स्ट्राइकर, सचिवालय ए , सचिवालय वॉरियर्स और सचिवालय पैंथर ने अपने–अपने मैच जीते। शनिवार को महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज और सिद्ध क्रिकेट अकादमी में मुकाबले खेले गए। पहला मैच सचिवालय रॉयल स्ट्राइकर और डेंजर के बीच खेला गया। रॉयल स्ट्राइकर की टीम ने पहले खेलते हुए 20 ओवरों में 06 विकेट पर 173 रन बनाए।

चंदन बिष्ट ने 47 रन बनाए। मोहम्मद फाजिल ने 02 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डेंजर की टीम 08 विकेट पर 152 ही बना सकी। नूर ने सर्वाधिक 32 रन बनाए। नीरज गिरी ने 04 विकेट लिए। सचिवालय रॉयल स्ट्राइकर ने मैच 21 रनों से जीत लिया। नीरज गिरी को मैन ऑफ द मैच दिया गया। दूसरे मैच में राइजिंग की टीम पहले खेलते हुए 83 रन पर ऑल आउट हो गई। रोहित पंत ने 31 रन बनाए। टिकराज सिंह ने 03 विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी ए की टीम ने 7.5 ओवरों में चार विकेट पर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। टीएच खान ने 25 रन बनाए। अमित, शुभम ने 02–02 विकेट लिए।सचिवालय ए ने मैच 06 विकेट से जीत लिया। टीएच खान मैन ऑफ द मैच बने। तीसरा मैच वॉरियर्स और विंग्स के बीच खेला गया। वॉरियर्स ने पहले खेलते हुए 08 विकेट पर 202 रन बनाए। सचिन रौथाण ने 55 रन बनाए। सुंदर ने 04 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विंग्स की टीम 136 रन ही बना सकी। संजय जोशी ने 36 रन बनाए। आशीष, राजीव, अखिलेश ने 02 – 02 विकेट लिए।

इस तरह वॉरियर्स ने मैच 66 रनों से जीत लिया। सचिन को मैन ऑफ द मैच दिया गया। चौथे मैच में सुपरकिंग्स की टीम पहले खेलते हुए 98 रनों पर ऑल आउट हो गई। ललित नौटियाल ने 21 रन बनाए। अजीत शर्मा ने 03 विकेट लिए। जवाब में पैंथर्स ने 6.5 ओवरों में 03 विकेट पर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। प्रमोद नेगी ने 34 रन बनाए। पैंथर ने मैच 07 विकेट से जीत लिया। अजीत शर्मा को मैन ऑफ द मैच दिया गया।

# वॉक फॉर डिस्एबिलिटी में 300 बौद्धिक दिव्यांगजन संग डीएम

देहरादून। विश्व दिव्यांग सप्ताह के अवसर पर रफेल होम संस्था द्वारा दिव्यांगजनों के प्रति जागरूकता एवं संवेदनशीलता बढ़ाने हेतु एक जागरूकता वॉक फॉर डिस्एबिलिटी का आयोजन किया गया।वॉक फॉर डिस्एबिलिटी का शुभारंभ जिलाधिकारी सविन बंसल एवं मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने दून लाइब्रेरी चौक से गुब्बारे उड़ाकर किया। इस आयोजन में लगभग 300 बौद्धिक दिव्यांगजन, बच्चे शामिल हुए।

जिलाधिकारी सविन बसंल एवं मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने स्वयं बच्चों के साथ वॉक फॉर डिस्एबिलिटी में पैदल चलते हुए दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित किया। जिलाधिकारी ने बच्चों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा समाज में



समावेशन और समान अवसर सुनिश्चित किए जाने के प्रति जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

वॉक फॉर डिस्एबिलिटी दून लाइब्रेरी चौक से प्रारम्भ होकर विकास भवन चौक, एस्लेहॉल से होते हुए पुनः लाइब्रेरी चौक लौटकर सम्पन्न हुई। मार्ग में प्रतिभागियों ने दिव्यांगजन अधिकार, समावेशी शिक्षा, सुलभता तथा सामाजिक जागरूकता संबंधी संदेशों के साथ समाज को संवेदनशील बनाने का आह्वान किया।

# वन्यजीव हमलों पर महिला कांग्रेस ने किया वन मुख्यालय पर प्रदर्शन

देहरादून। प्रदेशभर में बाघ, भालू, हाथी, बंदर और जंगली सूअरों के बढ़ते हमलों को लेकर महिला कांग्रेस ने आज देहरादून स्थित वन मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशा मनोरमा डोबरियाल शर्मा के नेतृत्व में हुए इस धरने में महिलाओं ने सरकार और वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाएं। प्रदर्शन के दौरान आशा मनोरमा डोबरियाल शर्मा ने कहा कि पहाड़ी और मैदानी दोनों इलाकों में वन्यजीवों के हमले लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे जनता को जान–माल और फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। देहरादून शहर के कैन्ट, सहस्त्रधारा, नथुवावाला, गुलरघाटी, बालावाला, डोईवाला सहित कई क्षेत्रों में हाथियों एवं बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले प्रदर्शन के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे जनता में भारी रोष है। उन्होंने आरोप लगाया कि वन विभाग जनता की सुरक्षा के प्रति उदासीन है और विभाग की प्राथमिकताएं गलत दिशा में चली गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक डीएफओ कार्यालय में ट्रैंकुलाईजर गन और रस्सी–जाल की संख्या बढ़ाई जाएं, जंगली हाथियों की आबादी की ओर आवाजाही रोकने के उपाय तत्काल प्रभाव से लागू किए जाएं, बंदर व जंगली सूअर बाड़ा योजना, जिसे पूर्व सरकार में बजट स्वीकृति मिली थी, उसे तुरंत क्रियान्वित किया जाएं, फसलों व जान–माल के नुकसान पर मुआवजा वितरण में तेजी लाई जाएं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि विभाग प्रभावी कदम नहीं उठा रहा है,

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com